जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

चूरू

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

चूरू, रविवार 25 जून, 2023


# जयपुर में कोठी वो भी 3000 की रेट से !

## 2000 Sq Ft वाली BIG कोठी सिर्फ 60 लाख में !

KEDIA सेजस्थान

KOTHI & WALK-UP APARTMENT

अजमेर रोड़, जयपुर

FIXED PRICE

एम.आई. रोड़ से एक LEFT पर !

NO MIDDLE-MEN DIRECT TO CUSTOMER

### बड़ी-बड़ी कोठी, बड़े-बड़े फ्लैट

| | | |
|---|---|---|
| 2 BHK WALK-UP अपार्टमेंट | 1350 SF | 45 लाख |
| 3 BHK WALK-UP अपार्टमेंट | 1900 SF | 50 लाख |
| 3 BHK BIG कोठी | 2000 SF | 60 लाख |
| 4 BHK BIGGER कोठी | 2325 SF | 70 लाख |
| 4 BHK BIGGEST कोठी | 3200 SF | 1 करोड़ |



KEDIA

1800 120 2323

info@kedia.com www.kedia.com

www.rera.rajasthan.gov.in | RERA No. RAJ/P/2023/2387

LOCATION QR CODE | ROUTE MAP | SITE TOUR 360 DEGREE

## विचार बिन्दु

महान ध्येय का मौन में ही सृजन होता है। –साने गुरूजी

# ज्ञान, समझ व युक्ति जीवन को सुखी और हितकारी बनाने के लिए अनिवार्य है

ज्ञान, समझ और युक्ति जीवन के सभी पहलुओं से जुड़े तीन महत्वपूर्ण स्तम्भ हैं। ज्ञान वस्तुतः आंकडों से आंकड़ों, या आंकड़ों से सूचना या सूचना से सूचना के संयोग का ऐसा संग्रह है जिसका सन्देश स्पष्ट होता है। ज्ञान के कम से कम तीन प्रकार हैं:– शोध आधारित–ज्ञान, अनुभवजन्य–ज्ञान और पारंपरिक ज्ञान। कार्य–संपादन में इन तीनों का महत्वपूर्ण योगदान है। अच्छा नेतृत्व नवीन ज्ञान को जीवन भर सीखता रहता है। आधुनिक वैज्ञानिक सन्दर्भ में ज्ञान के उत्पादन के चार तरीके हैं:– थ्योरी, ऑब्जरवेशन, एक्सपेरिमेंट और मॉडलिंग। यहाँ युक्ति, जिसकी बात हम आगे करेंगे, को मॉडलिंग के समकक्ष माना जाता है क्योंकि पूर्व में उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर मैथमेटिकल–मॉडलिंग के द्वारा भविष्य की स्थिति का ज्ञान किया जाता है।

ज्ञान एक मूल्यवान संपत्ति है और यह व्यक्ति की शक्ति, प्रभाव और उपयोगिता को बढ़ाता है। आज के कार्यबल में प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए लगातार नया ज्ञान सीखना महत्वपूर्ण है। नवाचार और रचनात्मकता में ज्ञान एक महत्वपूर्ण कारक है। प्रभावी संचार के लिए ज्ञान भी आवश्यक है। जिन लोगों को किसी विषय की गहरी समझ होती है, वे आसानी से दूसरों को समझा सकते हैं, अपने विचार साझा कर सकते हैं, और समस्याओं के हल करा सकते हैं। पर ज्ञान से आगे की यात्रा और भी महत्वपूर्ण है।

किसी कार्य को सम्पादित करते समय ज्ञान का उपयोग करने से अनुभव प्राप्त होता है। जीवन के विविध क्षेत्रों में विविध प्रकार के अनुभव प्राप्त होते रहते हैं, जिससे ज्ञान से आगे हमारी समझ या विजडम बढ़ती रहती है। विजडम को भारतीय दर्शन में बुद्धिमत्ता, मनीषा, मतिमानता, प्रज्ञा, प्रज्ञता, बुद्धिमानी, ज्ञान, ज्ञान–परिपूर्णता, ज्ञानज्ञता–कर्मज्ञता, समझ आदि कहा जाता है। प्राचीन दृष्टिकोण के साथ ही पिछले पाँच दशकों के दौरान साइंस ऑफ़ विजडम पर अनुसंधान में भी भारी बढ़ोत्तरी हुई है। विजडम को परिभाषित करने के अनेक प्रयत्न हुये हैं किन्तु अभी तक सर्वमान्य परिभाषा का निर्धारण नहीं हो पाया है। विजडम व्यक्तित्व की सामाजिक–मनोवैज्ञानिक विशेषता मात्र नहीं है बल्कि यह एक न्यूरोबायोलॉजिकल विशेषता है जो समाजोन्मुखी व्यवहार, भावनात्मक–नियमन और आध्यात्मिकता जैसे विशिष्ट घटकों से मिलकर बनती है। इस बात को आगे और भी स्पष्ट करेंगे।

हाल ही में लोगों में विजडम के घटकों को बढ़ाने के लिये व्यक्तिगत हस्तक्षेपों की प्रभावशीलता का मूल्यांकन मेटा–एनालिसिस द्वारा किया गया। इस अध्ययन में ऐसे क्लिनिकल ट्रायल्स को समाविष्ट किया गया जो विजडम बढ़ाने के लिये अभी तक क्रियान्वित किये गये थे। इसमें 7096 व्यक्तियों से जुड़े 57अध्ययनों के आंकडे समाहित किये गये थे। विजडम के सभी घटकों से संबंधित आंकडे तो नहीं मिल पाये किन्तु समाजोन्मुखी–व्यवहार (प्रोसोशलबेहवियर) से संबंधित 29, भावनात्मक विनियमन (इमोशनलरेगुलेशन) से संबंधित 13 और आध्यात्मिकता (स्पिरिचुअलिटी) से संबंधित 15 अध्ययन शामिल किये गये थे। मेटा–एनालिसिस के परिणाम बताते हैं कि आध्यात्मिकता, भावनात्मक–नियमन और समाजोन्मुखी व्यवहार को बढ़ाने के लिये किये गये हस्तक्षेप व्यक्तिगत और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देते हैं (देखें, ई.ई. ली इत्यादि, जामा साइकेइट्री, 77(9):925–935, 2020)।

शोधकर्ताओं को मेटा–एनालिसिस में सम्मिलित करने हेतु विजडम बढ़ाने के उपायों पर ऐसे अध्ययन नहीं मिले जो विजडम के सभी घटकों की समग्रता को एकीकृत रूप से समाहित करते हुये किये गये हों। इस मेटा–एनालिसिस में सम्मिलित समीक्षा के अनुसार विजडम को मापने के लिये कई दृष्टिकोण उपलब्ध हैं। उदाहरण के लिये विजडम को दो रूपों में देखा जा सकता है–पहला उपयोगी अंतर सैद्धांतिक बुद्धिमत्ता (थ्योरेटिकलविजडम या जीवन के यथार्थ की समझ; प्रकृति और मानव के रिश्तों की समझ आदि) और दूसरी व्यावहारिक बुद्धिमत्ता (प्रैक्टिकलविजडम / फ्रोनेसिस, सही कारणों के लिये, सही समय पर सही निर्णय लेने की क्षमता) सम्मिलित है। इन दोनों प्रकारों में सम्मिलित घटकों को मापने की विधियां और क्षमता वैज्ञानिक विकसित कर चुके हैं। परन्तु सैद्धांतिक ज्ञान (गहन समझ) की तुलना में व्यावहारिक ज्ञान (व्यावहारिक समझ) को प्रश्नावली के माध्यम से अधिक सुगमता से मापा जा सकता है। इस मेटा–एनालिसिस में व्यावहारिक समझ के सम्बन्ध में समाजोन्मुखी व्यवहार और भावनात्मक विनियमन को लिया गया और सैद्धांतिक समझ के संबंध में आध्यात्मिकता को शामिल किया गया। बुद्धिमत्ता के अन्य घटकों से जुड़े इंटरवेंशन वाले अध्ययनों की कमी के कारण निर्णय लेने की क्षमता, अनिश्चितता से निपटने की क्षमता, और सहिष्णुता जैसे घटक अध्ययन में शामिल नहीं किये जा सके। फिर भी जिन तीन घटकों को शामिल कर यह अध्ययन किया गया वह नया रास्ता दिखाने वाला है क्योंकि अध्ययन में सम्मिलित तीनों घटक अत्यंत महत्वपूर्ण माने जाते हैं। विजडम जैसे विषय यदि एम्पिरिकल रिसर्च की सीमाओं से परे ना भी हों तो भी काफी चुनौतीपूर्ण हैं।

प्रज्ञा के संबंध में यह बताना भी उपयोगी है कि आध्यामिकता इसका एक महत्वपूर्ण घटक है (देखें, डी.वी. जेस्ते इत्यादि, जर्नल ऑफ़ साइकियाट्रिक रिसर्च, 132:174–181, 2021)। आध्यामिकता और धार्मिकता में अंतर समझना जरूरी है। आध्यात्म हमें प्रकृति के समीप ले जाता है। आध्यामिकता व्यक्ति को व्यक्ति के समीप ले जाती है। आध्यामिकता प्राकृतिक तंत्रों के समीप भी ले जाती है। आध्यात्म वस्तुतः आत्मावलोकन और आत्म–समीक्षा के अवसर प्रदान करता है। आत्म–समीक्षा में यह भी शामिल है कि प्रकृति के साथ हमारे क्या संबंध हैं और हमें प्रकृति को बेहतर करने में हमारा क्या योगदान है। धार्मिकता एक अलग विषय है। धर्म की त्रुटिपूर्ण किन्तु बड़ी लोकप्रिय व्याख्या लोगों के बीच में मिलती है।

**युक्ति एक सार्वभौमिक प्रबंधकीय सिद्धांत है। प्राचीन भारत के महर्षि-वैज्ञानिक आचार्य चरक, जो युक्ति-व्यपाश्रय सिद्धांत के जनक माने जाते हैं, के अनुसार अनेक कारणों की समग्रता और एकीकरण से उत्पन्न भावों को जो बुद्धि देखती है, वह युक्ति है। युक्ति से वर्तमान, भूत और भविष्य, तीनों कालों को जाना जा सकता है।**

ध्यान दीजिये, आध्यामिकता में किसी एक धर्म के प्रति निष्ठा महत्वपूर्ण नहीं है। आध्यात्मिकता जहां एक और समाज के प्रत्येक व्यक्ति को स्वयं के जैसा मानने का विचार देती है वहीं दूसरी ओर धर्म की समकालीन स्थिति यह है कि सारा विश्व अलग–अलग जाति धर्म और संप्रदाय में बंट गया है। आत्मवत्सर्वभूतेषु का सिद्धांत आध्यात्म की मूल आत्मा है। दरअसल एक रिलीजियस व्यक्ति आध्यात्मिक भी हो सकता है, लेकिन एक आध्यात्मिक व्यक्ति धर्म के लोकप्रिय स्वरुप के अनुसार धार्मिक भी हो ऐसा आवश्यक नहीं है। यहाँ यह भी समझना आवश्यक है कि भारतीय दर्शन में धर्म शब्द का मूल अर्थ उस शब्द से नहीं है जिसे दुनिया रिलीजन कहती है। असल में धर्म का मूल अर्थ व्यक्ति के नियत कर्तव्यों और उनके पालन से है।

प्राचीन सांस्कृतिक एवं धार्मिक साहित्य में भी समझ के वैज्ञानिक स्वरूप देखे जा सकते हैं। उदाहरण के लिये वैज्ञानिकों द्वारा गीता का अध्ययन कर उसमें विजडम, प्रज्ञा, ज्ञान आदि पर 10 घटक खोजे गये हैं। इनमें से जीवन का ज्ञान, भावनात्मक विनियमन (इमोशनलरेगुलेशन) या आत्म–नियंत्रण, इच्छाओं पर नियंत्रण, मध्यम–मार्ग (मॉडरेशन या टेम्पेरेंस) निर्णायकता, आत्मा और उसके विषय में ज्ञान, ईश्वर पर विश्वास, कर्म–योग, आत्म–संतोष, प्राणियों के प्रति दया, दान, योग इत्यादि ऐसे विषय हैं जो केवल दर्शन या धर्म के विषय नहीं हैं बल्कि क्लिनिकल ट्रायल्स में भी उपयोगी पाये गये हैं। वर्तमान और अद्यतन शोध की स्थिति यह है कि विजडम, बुद्धिमत्ता या प्रज्ञा के कम से कम सात घटक पहचाने जा चुके हैं। इनमें (1) सहिष्णुता एवं वैचारिक विविधता को स्वीकार करना, (2) अनिश्चितता के रहते हुये भी निर्णय लेने की क्षमता, (3) भावनात्मक विनियमन या इमोशनलरेगुलेशन, (4) समाजोन्मुखी व्यवहारया प्रोसोशल बिहेवियर जिसमें आत्म–नियंत्रण, दया, सहायता और करुणा आदि शामिल हैं, (5) आत्म–समीक्षा, (6) उचित सलाह देने में तत्परता या सोशल एडवाइजिंग तथा (7) आध्यात्मिकता शामिल हैं। जिस व्यक्ति में यह सभी सातों क्षमतायें (प्रज्ञा के घटक) पाये जाते हैं वह उन परिस्थितियों से बड़ी आसानी से बाहर निकल जाता है जिनमें प्रज्ञा में कमी वाले व्यक्ति उलझ जाते हैं।

वस्तुतः प्रज्ञा का मूल उद्देश्य स्वयं की और समाज की जिंदगी में बेहतरी लाना है। यहां एक प्रश्न उठता है कि यह विजडम, बुद्धिमत्ता या प्रज्ञा तो दुधारी तलवार हो सकती है। कोई ऐसा व्यक्ति भी हो सकता है जिसमें तिकड़मी बुद्धिमत्ता या एविल–विजडम हो। दरअसल ऐसा नहीं होता। यहां यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि प्रज्ञा व्यक्ति को सदैव आत्म–नियंत्रित, आत्म–समीक्षक, और समाजोपयोगी ही बनाती है। प्रज्ञावान व्यक्ति अपने जीवन को सदैव बेहतर बनाता है और एक ऐसी आयु प्राप्त करता है जिसे आयुर्वेद में सुखायु कहा जाता है। सुखायु के साथ–साथ प्रज्ञावान व्यक्ति एक ऐसी आयु भी प्राप्त करता है जिसे आयुर्वेद में हितायु कहा जाता है। सुखायु और हितायुप्रज्ञावान व्यक्ति के लिये ही संभव है। शातिर दिमाग, तिकड़मी या चलता–पुर्जा व्यक्ति प्रज्ञावान नहीं होता। तिकड़म के लिये उसके पास जानकारी बहुत हो सकती है परंतु प्रज्ञाविहीन कोरी जानकारी सुखायु और हितायु नहीं प्रदान कर सकती।

अब हम ज्ञान और समझ से आगे चलकर युक्ति की बात करते हैं जो ज्ञान और समझ सेभी आगे समस्याओं के हल का रास्ता है। यह लोगों को लीक से हटकर सोचने और समस्याओं के समाधान हेतु विविध विकल्प देते हुए श्रेष्ठ विकल्प चुनने में मदद करती है। युक्ति एक सार्वभौमिक प्रबंधकीय सिद्धांत है। प्राचीन भारत के महर्षि–वैज्ञानिक आचार्य चरक, जो युक्ति–व्यपाश्रय सिद्धांत के जनक माने जाते हैं, के अनुसार अनेक कारणों की समग्रता और एकीकरण से उत्पन्न भावों को जो बुद्धि देखती है, वह युक्ति है। युक्ति से वर्तमान, भूत और भविष्य, तीनों कालों को जाना जा सकता है। युक्ति के द्वारा धन–संपत्ति, धर्म और कत्तर्व्यपालन और उपभोग और आनंद प्राप्त किया जाता है (च.सू.11.25): बुद्धिःपश्यति या भावान्बहुकारणयोगजान्। युक्तिस्त्रिकाला सा ज्ञेयात्रिवर्गःसाध्यतेयया।। ध्यान दीजिये, यहाँ आचार्य चरक ने युक्ति को परिभाषित तो किया ही है, साथ ही युक्ति के लक्षण और व्यापक सार्वभौमिकता का दर्शन भी स्पष्ट किया है। युक्ति के द्वारा अर्थ, धर्म और काम की सिद्धि का सिद्धांत वस्तुतः जीवन में पुरुषार्थ साधने की रणनीति है। संक्षेप में कहें तो पूर्व में प्राप्त समग्र अनुभव और जानकारी के द्वारा अज्ञात को जान लेने वाली बुद्धि ही युक्ति है।

युक्ति केवल कोरा दर्शन नहीं बल्कि एक ठोस प्रायोगिक साधन है। एक उदाहरण से युक्ति का ठोस प्रायोगिक महत्त्व और भी स्पष्ट हो जायेगा। सामान्य–विशेष सिद्धान्त के अनुसार एक जैसे भावों (द्रव्य, गुण और कर्म) को समान प्रकार के भावों से मिलाने पर बढ़त होती है और विशेष या असमान भावों को मिलाने पर ह्रास या घटत होती है। यह विज्ञात अर्थ है। इस सिद्धान्त के अनुसार एक बात स्पष्ट होती है कि घर में गुस्सैल किशोर या किशोरी के गुस्से को ठंडा करने के लिये यदि माता–पिता गुस्से और चिड़चिड़ाहट से पेश आते हैं तो किशोरों का गुस्सा और ज्यादा भड़केगा। इसके विपरीत यदि गुस्सैल किशोर या किशोरी से माता–पिता स्नेहपूर्वक व्यवहार करें उनका गुस्सा भी शांत हो जाता है। यह युक्ति है।

दैनिक जीवन में समस्या–समाधान हेतु ज्ञान, समझ और युक्ति एक साथ और उत्तरोत्तर श्रेणीबद्ध रूप दोनों प्रकार से उपयोगी हैं। ज्ञान जानकारी और तथ्य प्रदान करता है जो हमें समस्या को समझने और संभावित समाधानों पर मंथन करने में मदद कर सकता है। समझ हमें पिछले अनुभव और स्थिति के आधार पर बुद्धिमानी से निर्णय लेने में मदद करती है। युक्ति हमें आगा–पीछा देखकर एक जटिल समस्या को छोटे, आसानी से प्रबंधन–योग्य चरणों में तोड़ने में मदद करती है, जिसे समस्या को कुशलतापूर्वक हल करने के लिए लागू किया जा सकता है। इन तीन बहुआयामी संसाधनों के बिना जीवन में हर क्षण आने वाली जटिल समस्याओं का प्रभावी समाधान निकालना लगभग असंभव हो जाता है।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय**
**(भारतीय वन सेवा से सेवानिवृत्त तथा वर्तमान में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में विजिटिंग प्रोफेसर)**
**(यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं)**

# अजयसर में सेही के हमले से तेंदुए की मौत, शव पर मिले चार कांटे

**अजमेर,** (कासं)। शहर के अजयसर के जंगलों में एक तेंदुए का शव मिलने से वन विभाग में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। वन विभाग के द्वारा तेंदुए का शनिवार को पोस्टमार्टम करवाकर अंतिम संस्कार किया। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार सेही के हमले से तेंदुए की मौत हुई है। पोस्टमार्टम के दौरान तेंदुए के शरीर से करीब 3 से 4 कांटे भी मिले हैं। तेंदुए का शव 10 दिन पुराना बताया जा रहा है।

- **वन विभाग ने मेडिकल बोर्ड से करवाया पोस्टमार्टम**

गौरतलब है कि 23 जून की शाम 6 बजे के करीब अजयसर फॉरेस्ट एरिया में ग्रामीणों को तेंदुए का सड़ा–गला शव दिखाई दिया। ग्रामीणों के द्वारा इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। सूचना मिलने पर रेंजर देशराज मेघवाल टीम के साथ पहुंचे, जहां उन्हें तेंदुए का सड़ा गला शव मिला। रेंजर देशराज मेघवाल ने बताया कि तेंदुए का शव 10 दिन पुराना है। मौके पर जायजा लेने के बाद बॉडी को घुघरा नर्सरी में ले जाया गया। रेंजर मेघवाल ने बताया कि तेंदुए की बॉडी ज्यादा सड़ जाने के कारण जेंडर का खुलासा नहीं हो पाया है। शनिवार को नर्सरी में तेंदुए का पोस्टमार्टम करवाया गया है और पोस्टमार्टम के दौरान तेंदुए के शरीर पर 3 से 4 सेही के काटे मिले है। मौके से भी कई काटे मिले थे। पोस्टमार्टम के दौरान डॉ. विष्णु कुमार, डॉ. राजकुमार सहित अन्य डॉक्टर्स सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद थे।



अजमेर के अजयसर के जंगलों में तेदुंआ मृत मिला।

# महिला से किसी और के बिजली बिल की बकाया राशि वसूली जा रही है

**देवली,** (निसं)। विद्युत विभाग की मनमानी जनता के लिए दमनकारीनीति साबित होती जा रही है। ऐसा ही एक मामला शुक्रवार को सामने आया है। यहां विद्युत विभाग किसी अन्य व्यक्ति के नाम की बकाया राशि एक महिला से जबरन वसूल करने की हठधर्मिता अपनाए हुए है।

मामला यह है कि जयपुर डिस्कॉम ने 2009 में विद्युत उपभोक्ता धर्म चंद पुत्र रामेश्वर लाल कुमावत निवासी जयपुर रोड देवली के नाम पर 25632 रुपये की बकाया राशि निकाल रखी है। इस बकाया राशि को विभाग के अधिकारी एक अन्य विद्युत महिला उपभोक्ता संतरा देवी से जबरन वसूल करना चाह रहे हैं। जबकि पीड़ित महिला का धर्म चंद कुमावत से दूर–दूर तक कोई रिश्ता नहीं है। बस गुनाह इतना है कि 2010 में संतरा देवी ने धर्म चंद कुमावत से मकान बनाने के लिए आवासीय भूमि खरीदी थी। 2009 में धर्म चंद कुमावत विद्युत विभाग की बकाया राशि चुकाए बगैर ही लापता हो गया। विद्युत विभाग वाले जिसकी तलाश कर रहे हैं। लेकिन धर्म चंद कुमावत अब तक विद्युत विभाग गर्मियों के पकड़ में नहीं आया जिसका खामियाजा संतरा देवी को भुगतना पड़ रहा है। इसलिए कि विद्युत विभाग का यह मानना है कि संतरा देवी ने धर्म चंद कुमावत से भूखंड खरीदा है उस पर 2009 से विद्युत विभाग की बकाया राशि चल रही है। इस पर संतरा देवी ने उक्त व्यक्ति के नाम की राशि जमा कराने से इंकार कर दिया तो विद्युत विभाग के अधिकारियों ने संतरा देवी के नाम का विद्युत कनेक्शन काटकर उसे अंधेरे में रहने के लिए मजबूर कर दिया है। साथ ही विद्युत विभाग के अधिकारियों ने

- **बिजली विभाग के अधिकारियों ने नियमित बिल जमा कराने वाली महिला का विद्युत कनेक्शन काट दिया**

महिला उपभोक्ता को चेतावनी दी है कि जब तक संतरा देवी धर्म चंद कुमावत के नाम की बकाया राशि जमा नहीं करा देती तब तक अधिकारी संतरा देवी के घर का विद्युत लाइन नहीं जोड़ेंगे। जबकि धर्मचंद का विद्युत खाता संख्या 181100 47 है और संतरा देवी का विद्युत खाता संख्या 21010 194 हैं।

इस मामले में यह सामने आई की जयपुर डिस्कॉम ने 13 साल बाद उक्त भूमि के पूर्व मालिक के नाम बकाया राशि को वर्तमान भूमि की मालिकान संतरा देवी नामक एक महिला से वसूलने की योजना बनाई है। उक्त दौरान की विद्युत बकाया राशि चुकाने का नोटिस धर्म चंद के नाम से जारी करके विद्युत उपभोक्ता संतरा देवी पर उक्त व्यक्ति की बकाया राशि को चुकाने का दबाव बनाया जा रहा है। जबकि दोनों ही विद्युत विभाग के अलग–अलग उपभोक्ता हैं।


पीड़ित महिला का कहना है कि उनके नाम से विद्युत कनेक्शन पर जो बिल हर महा जारी किया जाता है उसे वह कनेक्शन लिए जाने से लेकर अब तक नियमित रूप से जमा कराती हुई आई है। विद्युत विभाग में उनके नाम कोई बकाया राशि नहीं है। यह विभाग भी मानता है। इसके बावजूद अधिकारी ने संतरा देवी के नाम के कनेक्शन को काट दिया इसलिए कि 2009 की बकाया राशि धर्मचंद पुत्र रामेश्वर लाल कुमावत के नाम से बकाया चल रही है। जो पहले उक्त निवास का मालिक हुआ करता था।

दिनेश कुमार जैन सहायक अभियंता जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड का कहना है कि धर्म चंद कुमावत के नाम 2009 से 25632 की बकाया राशि चल रही है। धर्म चंद कुमावत का मकान भूमि 2010 में संतरा देवी ने खरीद लिया। 2016 में विभाग को अंधेरे में रखते हुए संतरा देवी ने अपने नाम से नया कनेक्शन जारी करवा लिया था। विभाग के नियम अनुसार जिस भूमि या भवन पर विभाग का बकाया रहता है और उसका बेचान हो जाता है, तो इस पर खरीददार से विद्युत का बकाया वसूली किए जाने के नियम हैं। इसीलिए संतरा देवी का विद्युत कनेक्शन काटकर धर्मचंद की बकाया राशि संतरा देवी से वसूली किए जाने की कार्रवाई की है।

# बूंदी का किला जल्द ही रात में भी पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा

**बून्दी,** (निसं)। बूंदी का ऐतिहासिक किला जल्द ही रात के समय भी पर्यटकों और आमजन के लिए आकर्षण का केंद्र बन जाएगा। किले पर जल्द ही फसाड लाइट्स लगाने का काम प्रारंभ होने वाला है। इसके लिए टेण्डर प्रक्रिया पूरी हो गई है। बूंदी के स्थापना दिवस के अवसर पर लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को अपने ट्विटर और फेसबुक पेज पर लाइट्स लगने के बाद के प्रस्तावित लुक की फोटो साझा कीं।

- **बूंदी किले पर जल्द शुरू होगा फसाड लाइट्स लगाने का काम**
- **लोकसभा अध्यक्ष ने फेसबुक पर साझा किया लाइट्स लगने के बाद लुक**



बूंदी के ऐतिहासिक किले पर जल्द ही फसाड लाइट्स लगाने का काम शुरु होगा।

गौरवशाली विरासत और अद्भुत स्थापत्य कला संजोए बूंदी के किले, बावड़ियों व अन्य ऐतिहासिक स्थलों को देखने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक देश–विदेश से आते हैं। दिन में इन पर्यटन स्थलों पर रौनक रहती है, लेकिन रात में जैसे यह अंधेरे में खो जाते हैं। फसाड लाइट्स के माध्यम से राज के समय इनकी खूबसूरती को बढ़ाने के लिए लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला के निर्देश पर कार्ययोजना तैयार की गई थी। इसके पीछे उद्देश्य था कि रात के समय भी यह किले और ऐतिहासिक स्थल आकर्षण का केंद्र रहे। पर्यटकों के साथ आसपास के जिलों, नगरों, कस्बों और गांवों के लोग भी इन्हें देखने के लिए बूंदी आए। विभिन्न एजेंसियों और स्थानीय लोगों से चर्चा के बाद यहां फसाड लाइट्स लगाने की प्लानिंग की गई। अब इसको लगाने के टेंडर भी हो गए हैं। बहुत जल्द फसाड लाइट्स लगने का काम पूरा हो जाएगा।


बूंदी के किले पर फसाड लाइट्स लगाने काम गुणवत्ता के साथ हो इसके लिए स्पीकर बिरला के निर्देश पर विशेष ध्यान दिया गया है। लाइट्स लगाने की प्लानिंग का पूरा काम ऐसी कम्पनी को सौंपा गया जो अमृतसर में हरमंदिर साहिब (गोल्डन टेंपल), जयपुर में हवा महल, कृष्ण जन्मभूमि मथुरा, ग्वालियर के किले सहित देश के अनेक प्रमुख स्थलों पर कार्य कर चुकी है। स्पीकर बिरला के प्रयासों से केशवरायपाटन मंदिर परिक्षेत्र में केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय की स्वदेश दर्शन योजना के तहत 70 करोड़ रूपए के विकास कार्य होंगे। इस कार्यों की भी डीपीआर निर्माण का कार्य अंतिम चरण में है। स्पीकर बिरला ने शनिवार को केशवरायपाटन मंदिर परिक्षेत्र का संभावित लुक भी बूंदी के स्थापना दिवस पर शनिवार को ट्विटर और फेसबुक पर साझा किया।

# जोधपुर मंडल के 15 रेलवे स्टेशनों का होगा कायाकल्प

**जोधपुर,** (कासं)। रेलवे की अमृत स्टेशन योजना के तहत केंद्र सरकार ने उत्तर–पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल पर चयनित 15 रेलवे स्टेशनों के विकास के लिए 272 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं। इसके साथ ही इन स्टेशनों के आधुनिकीकरण का कार्य चरणबद्ध तरीके से आरंभ किया जाएगा।

डीआरएम पंकज कुमार सिंह ने बताया कि अमृत स्टेशन योजना के तहत देश के एक हजार छोटे लेकिन महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों के विकास की कार्य योजना के तहत जोधपुर मंडल के 15 रेलवे स्टेशनों को शामिल किया गया है जिनके पुनर्विकास व यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगभग 272 करोड़ रुपए व्यय किए जाएंगे। योजना के प्रथम चरण में स्टेशन कार्यालयों को शिफ्ट किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रेलवे की अमृत भारत स्टेशन योजना इसी वर्ष क्रियान्वित की जाएगी तथा इन स्टेशनों का सर्वे करवा लिया गया है। पुनर्विकास होने के बाद इन स्टेशनों पर यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। डीआरएम ने बताया कि रेल मंत्रालय की अमृत भारत स्टेशन विकास योजना के तहत जोधपुर मंडल के 15 प्रमुख स्टेशन नागौर, नोखा, बाड़मेर, मेड़ता हैं. रोड, मारवाड़, भीनमाल, डीडवाना, गोटन, सुजानगढ़, जालौर, रामदेवरा, बालोतरा, रेन, फलोदी, डेगाना और देशनोक शामिल हैं।

## राशिफल रविवार 25 जून, 2023



पंडित अनिल शर्मा

आषाढ़ मास, शुक्ल पक्ष, सप्तमी तिथि, रविवार, विक्रम संवत 2080, पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र प्रातः 10:11 तक, व्यतिपात योग सोमवार प्रातः 6:06 तक, चन्द्रमा आज सांय 4:52 से कन्या राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य–मिथुन, चन्द्रमा–सिंह, मंगल–कर्क, बुध–मिथुन, गुरू–मेष, शुक्र–कर्क, शनि–कुम्भ, राहु–मेष, केतु–तुला राशि में।

आज राजयोग सूर्योदय से दिन 12:26 तक है। रवियोग दिन 10:11 तक है। त्रिपुष्कर योग दिन 10:11 से रात्रि 12:26 तक है। सर्वार्थ सिद्धि योग दिन 10:11 से सूर्योदय तक है। भद्रा रात्रि 12:46 से सोमवार दिन 1:15 तक रहेगी। आज विवस्त सप्तमी, सूर्य पूजा, व्यतिपात पूण्य, भानु सप्तमी है।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 7:21 से 9:04 तक, लाभ–अमृत 9:04 से 12:31 तक, शुभ 2:12 से 3:55 तक।

**राहूकाल:** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 5:34, सूर्यास्त 7:20

**मेष**
परिवार में महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में उचित सोच–विचार हो सकता है। आज समय रचनात्मक कार्यों में व्यतीत होगा। घर–परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं।

**वृष**
घर–परिवार में सुख–शांति बनी रहेगी। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। आज नये–पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। धार्मिक कार्यों पर धन खर्च हो सकता है।

**मिथुन**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। मित्रों के साथ मनोरंजन के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। व्यक्तिगत प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

**कर्क**
स्वभाव की तेजी पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा। महत्वपूर्ण कार्यों को सुविधानुसार करने का प्रयास करें। वाणि पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**सिंह**
व्यक्तिगत कार्यों के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। मनोरंजन में समय व्यतीत होगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। महत्वपूर्ण कार्यों में उचित सफलता मिलेगी।

**कन्या**
आर्थिक/वित्तीय मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। धन प्राप्ति में विलम्ब हो सकता है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**तुला**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। स्थाई सम्पत्ति से धन लाभ होगा। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।

**वृश्चिक**
अपने अति आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। आज महत्वपूर्ण कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। शुभ कार्य के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

**धनु**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन हो सकता है। परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**मकर**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। नवीन कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

**कुंभ**
परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में प्रसन्नता–हर्षोल्लास का माहौल रहेगा। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में धार्मिक–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**मीन**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। घर–परिवार में सुख–शांति बनी रहेगी।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू


# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

चूरू

Rashtradoot

फोनः- 256906, 256907, फैक्सः- 01562-256908 वर्षः 15 संख्याः 57 प्रभात चूरू, रविवार 25 जून, 2023 पो. रजि. न. चूरू/084/2019-21 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.



*गुस्टाव क्लिम्ट की अंतिम कलाकृति इस माह के अंत तक नीलाम होने वाली है और पूरी संभावना है कि यह यूरोप की सबसे महंगी पेंटिंग बन सकती है। विएना के इस कलाकार ने सन् 1918 में अपनी मृत्यु से ठीक पहले ''लेडी विद फैन'' नाम की यह पेंटिंग पूरी की थी। गत 30 साल से यह ऑक्शन के लिए नहीं आई है। अब लंदन में सॉथबीज़ इसकी नीलामी करने जा रहा है और उम्मीद है कि यह तकरीबन 8 करोड़ डॉलर में बिकेगी। गुस्टाव क्लिम्ट अपने अंतिम वर्षों में एक प्रतिष्ठित पेंटर बन चुका था और पोर्ट्रेट बनाने में उसे महारथ प्राप्त थी। लेकिन ''लेडी विद फैन'' उसकी अन्य कलाकृतियों से अलग है। विशेषज्ञ कहते हैं कि, क्लिम्ट को यह पेंटिंग बनाने का कॉन्ट्रैक्ट किसी ने दिया नहीं था, उसने सिर्फ अपनी खुशी के लिए यह कलाकृति बनाई थी। विएना की महिलाओं को मादक अंदाज़ में दर्शाना उसका प्रिय विषय था। सॉथबीज़ की हैलेना न्यूमैन ने कहा कि, पोर्ट्रेट में चित्रित महिला किसी की बेटी नहीं थी जो क्लिम्ट के पास अपना पोर्ट्रेट बनवाने गई थी, बल्कि यह तो क्लिम्ट का एक्सपैरिमैंट था, जिसमें वह सीमाओं को तोड़ देना चाहता था। अपने पूरे करियर में क्लिम्ट अपने समकालीन कलाकारों के बीच विवादों का केन्द्र बना रहा। उसने ''विएना सिसेशन मूवमैंट'' की स्थापना की और अकैडमिक आर्ट के खिलाफ बगावत की थी। उसने अलंकारिक शैली को ज्यादा तवज्जो दी। इसका जिक्र एनसायक्लोपीडिया ब्रिटैनिका में भी है। उसकी कलाकृतियों में ब्राइट पैटर्न व रंग नज़र आते हैं, जो तत्कालीन पारम्परिक शैली से अलग थे। यह पेंटिंग भी अपवाद नहीं है, जिसकी पृष्ठभूमि में रंग बिरंगी चिड़ियाँ, कमल के फूल दिखाई दे रहे हैं, तथा पेंटिंग में नजर आ रही स्री ने किमोनो पहन रखा है। पेंटिंग हाल ही में विएना के अपर बैलवडियर म्यूज़ियम में प्रदर्शित की गई थी। क्लिम्ट ने 1890 के दशक में एशियन आर्ट की पढ़ाई की थी और खासकर जापानी कला में उसे बहुत ज्यादा दिलचस्पी थी। क्लिम्ट ने चीन, कोरिया, पर्शिया व भारतीय कला शैली का भी अध्ययन किया था। ''लेडी विद फैन'' में चीन व जापान का प्रभाव नज़र आता है। इसमें जापान के वुड ब्लॉक पोर्ट्रेट का असर भी देखा जा सकता है, उनमें भी महिला को ऐसी ही मुद्राओं में दर्शाया जाता है।*

# अमेरिका के प्यू रिसर्च सैन्टर का सर्वे काफी रोचक है

## सर्वे के अनुसार, हालांकि, ज्यादातर अमेरिकी भारत के बारे में अच्छा सोच रखते हैं, पर, कईयों ने मोदी का नाम नहीं सुना

**-सुकुमार साह-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

- **59 प्रतिशत युवा अमेरिकी, जिनकी आयु तीस वर्ष से कम है, ने सर्वे में बताया कि, वे नहीं जानते मोदी कौन हैं।**
- **जब अमेरिका वासियों को भारत का झण्डा दिखाया गया तो, केवल 41 प्रतिशत लोग सही उत्तर दे सके कि, यह हिन्दुस्तान का झण्डा है।**
- **51 प्रतिशत अमरीकियों का भारत के प्रति सकारात्मक सोच, पर 44 प्रतिशत का नकारात्मक सोच है।**
- **डेमोक्रेटिक पार्टी या डेमोक्रेटिक सोच से इत्तफाक रखने वाले लोग भारत के प्रति ज्यादा सकारात्मक सोच रखते हैं, रिपब्लिकन पार्टी के समर्थकों की तुलना में।**
- **23 प्रतिशत अमेरिकी मानते हैं, भारत का प्रभाव बढ़ा है विश्व में, पर 11 प्रतिशत मानते हैं कि, प्रभाव घटा है। 64 प्रतिशत मानते हैं, प्रभाव में खास परिवर्तन नहीं हुआ है।**

नई दिल्ली, 24 जून। भारतीय प्रधानमंत्री शुक्रवार को अमेरिका पहुंचे, पर उससे पहले हुए एक सर्वे में मोदी के बारे में पूछे जाने पर अधिकांश युवा अमेरिकन का यही जवाब था, कौन हैं मोदी?

मोदी की यात्रा से पूर्व प्यू रिसर्च सेंटर ने एक सर्वे करवाया, जिसमें पाया कि हालांकि अमेरिकन लोग आमतौर पर भारत को पसंद करते हैं, पर अधिकांश ने मोदी के बारे में नहीं सुना था, और जिन्होंने उनके बारे में सुन रखा था वे उनमें भरोसा नहीं करते हैं। अमेरिका के 40 प्रतिशत लोगों ने कहा कि उन्होंने कभी भी मोदी के बारे में नहीं सुना। यही नहीं 30 वर्ष से कम उम्र के 59 प्रतिशत लोगों ने कहा कि वे मोदी को नहीं जानते और 65 वर्ष या उससे अधिक उम्र के 28 प्रतिशत लोगों ने भी मोदी के प्रति अनभिज्ञता जताई। उच्च शिक्षित की तुलना में ऐसे कम शिक्षित व्यस्कों की संख्या ज्यादा है जिन्होंने मोदी के बारे में कभी नहीं सुना।

लेकिन सरकार द्वारा मोदी का जो भारी स्वागत किया गया है और उसको मीडिया में जो शानदार कवरेज मिला है और मोदी और बाइडन के बीच हुई द्विपक्षीय वार्ताओं व दोनों देशों के बीच हुए रक्षा, स्पेस व तकनीकी समझौता से इस धारणा में थोड़ा बदलाव आ सकता है। इसके अलावा सर्वे कहता है कि जिन्होंने मोदी के बारे में सुन रखा था व उनमें से अधिकांश के प्रति नकारात्मक धारणा रखते थे। शोध में शामिल 37 प्रतिशत लोगों को विश्व मामलों में कुछ सही कर पाने की उनकी क्षमता पर संदेह है, सिर्फ 25 प्रतिशत को उन पर भरोसा है। अधिकांश अमेरिकन्स भारतीय झंडे के बारे में नहीं जानते, वर्ष 2022 में अमेरिकन की अन्तर्राष्ट्रीय मामलों पर जानकारी के लिए हुए टैस्ट में तिरंगे झंडे की तस्वीर दिखाई गई थी, तब सिर्फ 41 प्रतिशत ने सही जवाब दिया था। स्नातक डिग्री या उच्च शिक्षा प्राप्त लोगों के भारतीय झंडे की सही पहचान करने की संभावना ज्यादा थी। साथ ही बुजुर्गों की तुलना में युवा वर्ग भारतीय झंडे को सही पहचान करने में ज्यादा सक्षम है। सर्वे के अनुसार कंजर्वेटिव रिपब्लिकन्स की तुलना में 16 प्रतिशत उदार डैमोक्रेट्स ने भारतीय झंडे को पहचाना।

अमेरिका के लगभग 51 प्रतिशत वयस्क भारत के प्रति अच्छी राय रखते है वही इससे कुछ कम 44 प्रतिशत की राय भारत के प्रति अच्छी नहीं है। शिक्षा के अनुसार भी सोच प्रभावित हुई है। स्नातक या उससे ज्यादा शिक्षित 55 प्रतिशत अमेरिकन्स भारत के प्रति सकारात्मक सोच रखते है वही कॉलेज जाने वाले 50 प्रतिशत लोगों की सोच भी ऐसी है।

डैमोक्रेट्स व डैमोक्रेटिक पार्टी के प्रति झुकाव रखने वाले लोगों (56 प्रतिशत) की रिपब्लिकन्स या रिपब्लिकन रूझान वाले लोगों (48 प्रतिशत) की तुलना में भारत के प्रति ज्यादा सकारात्मक सोच है। भारत की वैश्विक स्थिति को देखते हुए 64 प्रतिशत अमेरिकन मानते हैं कि विश्व में भारत का प्रभाव नहीं बदला है पर 23 प्रतिशत मानते हैं कि भारत का प्रभाव

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कर्नाटक के बाद तमिलनाडू भी ''ओपन मार्केट'' से चावल खरीदने को मजबूर हुआ

**-लक्ष्मण वैंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

- **दोनों राज्यों को बी.पी.एल. परिवारों को ''फ्री'' चावल देने की उनकी स्कीम के लिये फूड कॉरपोरेशन ऑफ इण्डिया (एफ.सी.आई.) ने चावल देने से इन्कार कर दिया है।**
- **केन्द्र सरकार के दबाव में एफ.सी.आई. ने यह निर्णय लिया है, अतः यह दोनों राज्यों में यह राजनीतिक मुद्दा बन रहा है।**
- **केन्द्रीय सरकार पर, दक्षिण भारत विरोधी रवैया व सोच रखने का आरोप लगा रही हैं स्थानीय पार्टियाँ।**
- **भाजपा की दक्षिण भारत में जड़ें जमाने की चेष्टा को इस प्रचार से धक्का लगेगा।**

नई दिल्ली, 24 जून। कर्नाटक के गरीब लोग फिलहाल 10 किग्रा मुफ्त चावल पाने से वंचित हो गये हैं क्योंकि भारतीय खाद्य निगम ने, ओपन मार्केट सेल स्कीम के तहत, राज्य को चावल बेचने से इनकार कर दिया है। कर्नाटक सरकार अपने चुनावी वादे को पूरा करने, अन्न भाग्य 2.0 स्कीम लागू करने के लिये, चावल की अतिरिक्त मात्रा की तलाश में है। यह स्थिति केवल कर्नाटक की ही नही है, ठीक यही स्थिति इसके पड़ोसी राज्य तमिलनाडु की भी है। फूड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एफ.सी.आई.) ने इस राज्य को भी ओपन मार्केट सेल स्कीम के तहत चावल बेचने से इनकार कर दिया है। उल्लेखनीय है कि तमिलनाडु में भी एक ऐसी पार्टी का शासन है, जो केन्द्र में सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा की विरोधी है।

तमिलनाडु को केन्द्र सरकार द्वारा सामान्य रूप से 2.97 लाख टन चावल आवंटित किये जा रहे है जिससे केन्द्र खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत पी.डी.एस. के अन्तर्गत चावल देने की अपनी बाध्यता का निर्वहन कर सके, लेकिन राज्य को अपनी मुफ्त चावल योजना को आसानी से संचालित करने के लिये 50,000 टन अतिरिक्त चावल की आवश्यकता है।

केन्द्र सरकार का कहना है कि राज्यों को अतिरिक्त चावल नहीं बेच सकती, क्योंकि उसे किसी भी आकस्मिक परिस्थिति तथा कीमतों को यथास्थिति में बनाये रखने के लिये चावल के बड़े एवं सुरक्षित भंडार की आवश्यकता है। ठीक कर्नाटक की तरह ही, तमिलनाडु भी वहन करने योग्य मूल्य पर चावल की तलाश के लिये मजबूर हो गया है। इस समय तमिलनाडु सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन नैशनल को-ऑपरेटिव कन्ज्यूमर्स फैडरेशन ऑफ इंडिया (एन.सी.सी.एफ.) तथा अन्य राज्यों, जैसे आंध्र प्रदेश, तेलंगाना तथा छत्तीसगढ़ से चावल खरीदने के लिये मोल-भाव कर रहा है। तमिलनाडु को अपनी अपेक्षित वार्षिक जरूरत को पूरा करने के लिये, कुल मिलाकर 6 लाख टन अतिरिक्त चावल खरीदने की जरूरत है।

जब कॉर्पोरेशन को विभिन्न स्त्रोतों से चावल के भाव की जानकारी मिल जायेगी, उसके बाद ही तमिलनाडु सरकार चावल खरीद के बारे में कोई निर्णय ले पायेगी। तमिलनाडु पहले भी अन्य राज्यों से चावल खरीदता रहा है। दिसम्बर 2022 से मार्च 2023 के बीच, इस राज्य ने अकेले एन.सी.सी.एफ. से ही 3 लाख टन चावल खरीदे थे। हो सकता है कि केन्द्र चावल बेचने से इन्कार करने के मामले में सही हो तथा उसे पास ऐसा करने के उचित कारण हों, लेकिन लोकसभा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )




# अमेरिकन ड्रोन मदद करेंगे भारतीय सेना की

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 24 जून। हिमालय के दूरस्थ क्षेत्रों में, भारत के लिए ''हाई प्राइऑरिटी मिशन'' पर तैनात ड्रोन आकाश में चक्कर लगा रहे हैं, चीन व भारत की सीमा पर चीन की गतिविधियों

- **विवादास्पद भारत-चीन सीमा पर घुसपैठ करने वाले चीन के सैनिकों को ट्रैक करने के लिये भारतीय सेना को जल्दी ही अमेरिकन ड्रोन मिल जाएंगे। प्र.मंत्री मोदी ने इस संबंध में 3 अरब डॉलर की डील पर हस्ताक्षर किए हैं।**

पर नज़र रखने के लिए। तीन अरब डॉलर की इस खरीद की घोषणा मोदी के वॉशिंगटन दौरे के दौरान की गई। वॉशिंगटन स्ट्रीट जर्नल ने कहा, कुछ

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# केजरीवाल ''कॉर्नर्ड'' हुए पटना सम्मेलन में

## यह घटना उल्लेखनीय है, क्योंकि यह उस माहौल का प्रतीक है, जो पटना के ''विपक्ष सम्मेलन'' में दिखा

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

- **नेताओं का रूख अड़ियल नहीं था, वरन् काफी लचीला था, नेता आपस में एडजस्टेमैंट करने के मूड में दिखे।**
- **उदाहरण के लिये, कांग्रेस को सबसे बड़ी पार्टी के रूप में सबसे पहले बोलने का मौका दिया गया, पर खड़गे सबके बाद बोले।**

नई दिल्ली, 24 जून। बिहार की राजधानी पटना में कल हुई 16 गैर एन.डी.ए. विपक्षी नेताओं की चार घंटे तक चली मीटिंग में 32 नेताओं के शब्दों में 2024 के आम चुनावों में भाजपा को हराने की अभूतपूर्व इच्छा साफ दिखाई दे रही थी।

मीटिंग का संदेश और भी ज्यादा सारगर्भित एवं विश्वसनीय हो सकता था, लेकिन दिल्ली के मुख्यमंत्री तथा आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविन्द केजरीवाल की भूमिका ने संदेह पैदा कर दिया। उनकी इस मांग ने मीटिंग में असामंजस्यपूर्ण स्थिति ला दी कि कांग्रेस को इस मीटिंग में ही अध्यादेश के मुद्दे पर अपना रूख स्पष्ट कर देना चाहिये। गनीमत यही रही कि उन्होंने अपनी इस धमकी पर अमल नहीं किया कि अगर कांग्रेस उनकी मांग नहीं मानी तो वे वॉकआउट कर जाएंगे। केजरीवाल के इस अपवाद को छोड़कर, मीटिंग में हर प्रकार से लचीलापन, सद्भाव एवं ईमानदारी दिखाई दी क्योंकि ज्यादातर नेता सीटों के समायोजन में कुछ लेने तथा कुछ देने के लिये तैयार थे ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि भाजपा से होने वाली चुनावी लड़ाई सीधी तथा वन-टु-वन हो जाए।

सबसे बड़ी पार्टी होने के नाते, सबसे पहले कांग्रेस से बोलने को कहा गया लेकिन पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने, सभी नेताओं को सुनने के बाद, अंत में बोलना ज्यादा उचित समझा। सबसे पहले बिहार के मुख्यमंत्री तथा जे.डी. (यू) प्रमुख नीतीश कुमार बोले तथा उन्होंने इस मीटिंग को विशाल विपक्षी एकता की दिशा में पहला कदम बताया। उन्होंने कहा, वर्ष ''2024 नजदीक आने पर, इस गठबंधन में और भी पार्टियाँ शामिल होंगी।'' आर.जे.डी. प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने कहा कि किसी भी राज्य की सबसे बड़ी पार्टी को नेतृत्व करना चाहिये तथा अन्य पार्टियों को अपना समर्थन प्रदान करना चाहिये।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# हरियाणा में अकेले लड़ेगी भाजपा लोकसभा चुनाव

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 24 जून। सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी ने हरियाणा की सभी दस लोकसभा सीटों पर चुनाव

- **भाजपा ने तय किया है कि, चौटाला की जननायक जनता पार्टी को एक भी सीट नहीं दी जाएगी। पार्टी नेतृत्व को लगता है, हरियाणा में चौटाला की पार्टी की वजह से भाजपा की छवि खराब हुई है।**

लड़ने का निर्णय लिया है, वो अपने सहयोगी दल, सन् 2018 में गठित, जननायक जनता पार्टी (जे.पी.पी.) को एक भी सीट नहीं देगी।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# श्री सीमैंट देश में सबसे बड़ी कम्पनी बनी कॉरपोरेट घोटालों की दृष्टि से?

## श्री सीमैंट का यह घोटाला 23 हजार करोड़ रू. से अधिक का माना जा रहा है

- **अब तक हुई जांच से पता चला है कि, कंपनी में प्रतिवर्ष 1400 करोड़ रूपए का फर्जीवाड़ा किया गया। कई प्रकार की टैक्स चोरी करने के लिए सरपंच, ग्राम पंचायत और स्थानीय निकाय से फर्जी एग्रीमैंट्स भी किए गए। इन फर्जी एग्रीमैंट्स के जरिये केन्द्र और राज्य सरकार को करोड़ों का चूना लगाया गया है।**

अजमेर/ब्यावर/मसूदा, 24 जून (निसं)। श्री सीमेंट लिमिटेड कंपनी के अंधेरी देवरी प्लांट (मसूदा), पाली जिले के रास, नवलगढ़ के गोठड़ा प्लांट व जयपुर, उदयपुर एवं चित्तौड़गढ़ सहित 24 स्थानों पर हुई आयकर विभाग की कार्यवाही में 23 हजार करोड़ रुपए के बड़े घोटाले का खुलासा हुआ है।

श्री सीमेंट ग्रुप के काले कारोबार का खुलासा, देश का सबसे बड़ा कॉरपोरेट घोटाला माना जा रहा है, जिसमें, 23000 करोड़ रुपए के फर्जीवाड़े के दस्तावेज जब्त किए गए हैं। आयकर विभाग द्वारा की गई छापे की कार्यवाही में सामने आया है कि, प्रतिवर्ष 1400 करोड़ रुपए का फर्जीवाड़ा किया गया। सरपंच, ग्राम पंचायत और स्थानीय निकाय से फर्जी एग्रीमेंट भी किए गए। फर्जी एग्रीमेंट से केंद्र और राज्य सरकार को भी चूना लगाया गया है। आयकर विभाग के छापे के बाद से ग्रुप संचालक फरार हैं और प्रबंधन में हड़कंप मचा हुआ है।

आयकर विभाग के सूत्रों के अनुसार, इस ग्रुप के सदस्यों से जब इस मामले में पूछताछ की गई तो उन्होंने इस संबंध में जानकारी होने से इन्कार कर दिया। वहीं, ग्रुप के चेयरमैन एच.एन. बांगड़ और वाइस चेयरमैन प्रशांत बांगड़ छापेमारी के बाद से बाहर निकल गए हैं।

आयकर विभाग की कार्रवाई से मचे हड़कंप के बाद से मैनेजिंग डायरेक्टर नीरज अखौरी, नितिन देसाई फरार हैं। डायरेक्टर श्रीकांत सोमानी और सी.एफ.ओ. सुभाष जाजू भी फरार हैं। ग्रुप के संचालक व ग्रुप के चेयरमैन एच.एम. बांगड़ तथा वाइस प्रेसिडेंट प्रशांत बांगड़ जवाब नहीं दे पा रहे हैं कि, आखिर एक दशक से कोई टैक्स क्यों नहीं भरा। ग्रुप के वाइस प्रेसिडेंट अरविंद खींचा को भी छापेमारी के दौरान कई बार पूछताछ के लिए बुलाया गया लेकिन वे भी अधिकारियों के सामने नहीं आए। मैनेजिंग डायरेक्टर नीरज अखोरी, डायरेक्टर नितिन देसाई, डायरेक्टर श्रीकांत सोमानी और सी एफ ओ सुभाष जाजू से भी आयकर अधिकारियों का कोई संपर्क नहीं हो पा रहा है।

आयकर अधिकारियों ने फरार हुए कॉरपोरेट के अधिकारियों से संपर्क करने का भरसक प्रयास किया और इनके बारे में जानकारी जुटाने का प्रयास किया परंतु ग्रुप के किसी भी सदस्य के पास इनकी जानकारी नहीं होने से अभी तक यह पता नहीं चल पाया कि फरार हुए अधिकारी कहां और किस जगह पर हैं। बहरहाल आयकर विभाग की कार्रवाई लगातार जारी है। जानकार सूत्रों की मानें तो, आयकर विभाग जल्द ही रियल एस्टेट, माइंस और अन्य बड़े व्यापारियों पर भी छापेमारी कर सकता है।

आयकर विभाग ने हाल ही में अपने तकनीकी संसाधनों को मजबूत करते हुए एक सॉफ्टवेयर का निर्माण कराया है, जिसमें कुछ ही दिनों की जांच पड़ताल में पता चल जाता है कि, सरकार को कितने राजस्व की हानि पहुंचाई जा रही है। देश के इस सबसे बड़े कॉरपोरेट घोटाले को लेकर संभवतः सोमवार को आयकर विभाग द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस करेगा।

# खड़गे की नई टीम की घोषणा शीघ्र ही होगी

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 24 जून। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे अपनी नई टीम के गठन के लिए तैयार हैं, जिसमें युवाओं को जिम्मेदारी देने के साथ-साथ तकरीबन आधा दर्जन राज्य अध्यक्षों को बदला जा सकता है।

- **सूत्रों का कहना है कि, कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने अधिकांश पदों पर नियुक्तियाँ फाइनल कर ली हैं। नई टीम का गठन राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है।**

पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि, विचार-विमर्श की प्रक्रिया पूरी हो गई है और खड़गे सभी वर्गों व क्षेत्रों को

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# स्कॉर्पियो और कार की भिड़ंत, तीन की मौत, छह लोग गंभीर घायल

## हनुमान बेनीवाल की रैली में जा रही स्कॉर्पियो कार दूसरी कार से भिड़ी

**बालोतरा,** (निसं)। बाड़मेर जिले के धोरीमन्ना में शनिवार को भीषण सड़क हादसा हो गया। स्कॉर्पियो और कार की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं 6 लोग गंभीर घायल हो गए। दुर्घटना के बाद हाईवे पर जाम लग गया। राहगीरों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को धोरीमन्ना अस्पताल पहुंचाया। यह हादसा धोरीमन्ना थाना क्षेत्र के बाड़मेर-अहमदाबाद नेशनल हाईवे 68 पर लव-कुश कॉलेज के पास शुक्रवार दोपहर करीब चार बजे हुआ।

जानकारी के अनुसार आरएलपी सुप्रीमों एवं सांसद हनुमान बेनीवाल ने शनिवार को बाड़मेर के धोरीमन्ना में बजरी माफियाओं के खिलाफ हल्ला बोल रैली आयोजित की है। इस रैली में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में हनुमान बेनीवाल समर्थक धोरीमन्ना पहुंच रहे हैं। इसी दौरान एक समर्थक की तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की सामने से आ रही कार से भिड़ंत हो गई। हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं एक युवक ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही दम तोड़ दिया। हादसा इतना भीषण था कि टक्कर के बाद दोनों वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। राहगीरों ने घायलों को बड़ी मुश्किल से वाहनों से बाहर निकाला और इलाज के लिए अस्पताल रवाना किया। फिलहाल, मृतकों के शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाकर यातायात शुरू करवाया।



सड़क हादसे में दोनों कारें क्षतिग्रस्त हो गई।

- हादसा इतना भीषण था कि टक्कर के बाद दोनों वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए
- सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को धोरीमन्ना अस्पताल पहुंचाया

आरएलपी की रैली में शामिल होने जा रहे थे कार्यकर्ता बालोतरा एएसपी सुभाषचंद्र खोजा ने बताया कि ब्लैक स्कार्पियों व कार के बीच भिड़ंत हुई है। इसमें तीन लोगों की मौत हुई है। वहीं, दस लोग घायल हुए है। फिलहाल मृतकों की पहचान नहीं हुई है। वहीं प्रारंभिक जानकारी मिली है कि आरएलपी रैली में शामिल होने के लिए लोग जा रहे थे। मृतकों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। उसके बाद आगे की कानूनी कार्रवाई शवों को परिजनों को सुपुर्द किया जाएगा।

पुलिस के अनुसार कार के अंदर पांच लोग सवार थे। इसमें तीन लोगों की मौत हो गई है। वहीं, स्कार्पियो में आठ लोग सवार थे। कार सवार दो घायल हुए हैं। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल रेफर कर दिया है।

# कोटा में नीट की तैयारी कर रही बिहार की छात्रा की संदिग्ध मौत

## इसी साल जनवरी में कोटा आई थी छात्रा

**कोटा** (निस)। शहर के विज्ञान नगर थाना इलाके में 17 वर्षीय कोचिंग छात्रा की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। छात्रा ने अचानक से खून की उल्टियां करना शुरू कर दिया था। जिसके बाद उसकी रूममेट उसे लेकर निजी अस्पताल गई थी। जहां से एमबीएस अस्पताल भेज दिया गया।

एमबीएस में चिकित्सकों ने छात्रा को मृत घोषित कर दिया। छात्रा मूलत: बिहार जिले के मुजफ्फरपुर जिले के सरैया थाना के बकरा गांव निवासी थी। वह कोटा में रहकर मेडिकल एंट्रेंस परीक्षा नीट यूजी की तैयारी कर रही थी। वह इसी साल जनवरी में कोटा आई थी। छात्रा मुस्कान कोटा में विज्ञान नगर इलाके में इंदिरा कॉलोनी स्थित मकान में किराए से रह रही थी। इस मकान में ही उसके साथ रूम पार्टनर सलोनी भी थी। शुक्रवार रात को ही अचानक से उसने उल्टी शुरू की थी। इस संबंध में मृतक छात्रा के पिता देवकांत ब्राह्मण को फोन कर दिया है।

- पुलिस के अनुसार परिजनों ने बालिका की 6 साल की उम्र में ही ओपन हार्ट सर्जरी होने की बात कही है

हैड कांस्टेबल सत्येंद्र चावला ने बताया कि छात्रा की मौत के कारण का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट में ही होगा। इसके बाद ही क्लियर हो पाएगा कि क्या कारण रहे हैं। इसके लिए उसके परिजनों के आने का इंतजार किया जा रहा है। हैड कांस्टेबल चावला ने बताया कि बालिका की मौत की सूचना एमबीएस अस्पताल से ही उन्हें मिली थी। जिसके बाद पीजी मालिक और चिकित्सकों से बातचीत की।

मुस्कान की रूममेट सलोनी से भी बातचीत की गई, जिसमें उसने अचानक से ही तबीयत बिगड़ने का जिक्र किया है। ऐसे में मुस्कान के पिता देवकांत से भी बातचीत की गई है। वे बिहार से कोटा के लिए रवाना हो गए हैं। हैड कांस्टेबल चावला का कहना है कि परिजनों ने बालिका की 6 साल की उम्र में ही ओपन हार्ट सर्जरी होने की बात कही है जिसमें बताया है कि बालिका को बचपन से ही हार्ट प्रॉब्लम थी। साल 2012 में चिकित्सकों की सलाह पर उसका ऑपरेशन करवाया गया था।

# खेत में बनी डिग्गी में डूबने से दो भाईयों की मौत

**बीदासर,** (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती ढाणी रावली में गोमदाराम के खेत में बनी पानी की डिग्गी में दो सगे भाइयों की पानी में डूबने से मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ढाणी स्वामीयान का राजूराम मेघवाल ढाणी रावली में बने कृषि फार्म बुआई करने के लिये लिया था। शनिवार की सुबह राजूराम के पुत्र मनोज 13 वर्ष तथा रवि 10 वर्ष दोनों पानी की डिग्गी के पास खेलते-खेलते डिग्गी पर चढ़ गये तथा डिग्गी पर चढ़ने के बाद दोनों के पाँव फिसलने से डिग्गी में गिर गये। जिनको चैनाराम माली ने डिग्गी से बाहर निकाला और राजकीय सीएचसी लेकर आये, जहाँ चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतक के ताऊ ओमप्रकाश की लिखित रिपोर्ट पर पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज कर राजकीय सीएचसी में पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

# बिपरजॉय से प्रभावित पीड़ितों की पीड़ा को लेकर पूनियां ने सी.एम को लिखा पत्र

## क्षतितग्रस्त मकान, जनहानि और पशुधन की हानि का जल्द सर्वे करवाकर मुआवजा देने की मांग

**जयपुर।** उपनेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने बाड़मेर, चौहटन, सांचोर का 22 जून को जमीनी दौरा कर शनिवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिखकर पीड़ित लोगों को आर्थिक मुआवजा देने एवं अन्य जरूरी सम्बल देने की मांग की है।

पत्र लिखकर पूनियां ने गहलोत से आग्रह किया कि, बिपरजॉय तूफान से विशेषकर पश्चिमी राजस्थान में जनहानि हुई है और कुछ जगह लोगों की आजीविका का सहारा पशुधन भी काल कवलित हो गया है, पूनियां ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि प्रभावित क्षेत्र के लोगों को हर तरीके की सहायता सहयोग अविलंब प्रदान करें। पूनियां ने गहलोत को पत्र में लिखा कि,जैसा कि आपके संज्ञान में है कि विगत दिनों आए बिपरजॉय तूफान से राजस्थान का विशेषकर पश्चिमी क्षेत्र बाड़मेर, जोधपुर, पाली जालौर, सिरोही तथा अजमेर विशेष रूप से प्रभावित हुए हैं। आपने भी हवाई सर्वेक्षण किया है।

आपके प्रवास के तत्पश्चात् मैंनें भी बाडमेर और जालौर के कुछ क्षेत्रों की जमीनी हकीकत जानने के लिए दौरा किया है। पूनियां ने लिखा कि चौहटन कस्बे सहित विरात्रा, भीलों की बस्ती, धनाऊ, गंगासरा तथा बावतलाई एवं जालौर जिले के वेडिया, सूंथडी, खासरवी, केसुरी, सरवाना एवं सांचौर कस्बे के एक दिवसीय प्रवास के दौरान तूफान प्रभावित स्थानों पर पहुंचकर लोगों से मिलकर जो वस्तुस्थिति देखी है वो साझा की है। मैं साथ ही इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूं कि शासन-प्रशासन में आपदा प्रबन्धन तंत्र को और विकसित और सुदृढ़ किया जाए। आज रिमोट सेंसिंग काफी एडवांस हो गयी है, यदि मशीनरी सक्रिय होती तो पूर्वानुमान से काफी तैयारी की जा सकती थी कहीं-न-कही बिपरजॉय की आशंका से पूर्व तैयारी का अभाव एवं शिथिलता दिखी है। पूनियां ने आग्रह किया है कि राजस्थान के आपदा प्रबंधन तंत्र को और ज्यादा पुष्ट करने की आवश्यकता है। प्रदेश के बिपरजॉय प्रभावित क्षेत्रों को हर तरीके की सहायता सहयोग अविलम्ब दिया जाए।

# नाबालिग के अपहरण का मामला : विधायक ने डी.एस.पी. से मुलाकात की

## 24 घंटे में नाबालिग को बरामद करने और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

**चिड़ावा,** (निसं)। श्योपुरा में एक घर में तोड़फोड़, मारपीट और एक नाबालिग को उठा ले जाने के मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर ग्रामीणों का धरना जारी है। सुबह जहां आक्रोशित ग्रामीणों ने हाइवे जाम का फैसला लिया था लेकिन जाम का फ़ैसला एकबारगी टाल दिया गया है।

वहीं ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए विधायक जेपी चंदेलिया, भाजपा के जिला महामंत्री राजेश दहिया सहित अन्य नेता थाने पहुंचे और ग्रामीणों को समझाइश कर पुलिस को थोड़ा समय देने की बात कही। वहीं विधायक चंदेलिया ने डीएसपी शिवरतन गोदारा, पिलानी सीआई रणजीत सेवदा, चिड़ावा सीआई इंद्रप्रकाश यादव से अब तक की कार्रवाई को लेकर जानकारी ली। उन्होंने इस दौरान डीएसपी से कहा कि उनके साथ क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य और सरपंच आएं है। सभी की एक ही मांग है कि जल्द से जल्द बच्ची को अपहरणकर्ताओं से छुड़ाकर लाया जाए और अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की जाए। डीएसपी ने इस दौरान बताया कि पुलिस पूरे जिले के साथ ही पंजाब, हरियाणा, दिल्ली आदि इलाकों में सर्च अभियान चला रही है। आरोपी बार-बार पुलिस को चकमा दे रहे हैं। लेकिन पुलिस ने उनका पीछा नहीं छोड़ा है। जल्द ही आरोपी गिरफ्त में होंगे। उन्होंने लोगों से थोड़ा संयम बनाए रखने की अपील की। वहीं इस मामले को लेकर ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने राज्यपाल के नाम हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। तहसीलदार कमलदीप पूनिया ने धरना स्थल पर आकर ज्ञापन लिया और राज्यपाल तक ज्ञापन पहुंचाने का आश्वासन दिया।



जनप्रतिनिधियों ने पुलिस अधिकारियों से मुलाकात की।

- एसपी ने भी चिड़ावा पहुंचकर जल्द बरामदगी का आश्वासन दिया

इधर शाम को एसपी श्याम सिंह भी चिड़ावा थाने पहुंचे और ग्रामीण प्रतिनिधि मंडल से मुलाकात की और आश्वासन दिया कि पुलिस आरोपियों के निकट है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# भारत-पाक बॉर्डर से 10 करोड़ की हेरोइन बरामद

**अनूपगढ़,** (निसं)। पाकिस्तान की ओर से एक बार फिर अतंरराष्ट्रीय बॉर्डर पर ड्रोन से हेरोइन तस्करी की कोशिश की गई। श्रीगंगानगर के घड़साना में देर रात को आए ड्रोन पर बीएसएफ जवानों ने 10 से 12 राउंड फायरिंग की। जिसके बाद ड्रोन वापस चला गया। इसके बाद बीएसएफ जवानों ने सर्च अभियान चलाया। सर्च अभियान के दौरान दो पैकेट हेरोइन के मिले।

- बीएसएफ जवानों ने 12 राउंड फायरिंग कर ड्रोन को खदेड़ा

जानकारी के अनुसार नई मंडी घड़साना के बॉर्डर क्षेत्र 1 बीएसएफ बटालियन की बॉर्डर पोस्ट अशोका और जगदेवा के बीच देर रात एक बजे बीएसएफ के जवानों को ड्रोन की आवाज सुनाई दी। ड्रोन की आवाज सुनाई देते ही बीएसएफ जवानों ने ड्रोन पर 12 राउंड फायर किए और सर्च अभियान चलाया। बीएसएफ के द्वारा सर्च अभियान चलाए जाने पर जवानों को वहां दो पैकेट हेरोइन मिले। जिनका वजन 2 किलो था। हेरोइन की कीमत 10 करोड़ रुपए बताई जा रही है। बीएसएफ ने अभी भी क्षेत्र में सर्च अभियान चलाया हुआ है।

# मासूम बच्चे को मारा पत्थर, मौत

**डूंगरपुर,** (निसं)। डूंगरपुर जिले में इन दिनों बेलगाम हो चुके पत्थरबाज रात्रि के समय आए दिन राहगीरों व बसों पर पथराव की वारदात को अंजाम देते थे, लेकिन अब शाम होने के बाद ही पत्थरबाज बेलगाम हो जाते हैं। गत दिन जब एक बाइक पर पति-पत्नी और एक 2 साल के बच्चा शादी समारोह से वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान बदमाशों ने बाइक पर पति-पत्नी पर पथराव कर दिया, जिससे एक पत्थर बाइक पर आगे बैठे मासूम बच्चे के सिर पर लगा जिससे उसकी मौत हो गई। मांडवा नवाघरा निवासी विक्रम परमार व उसकी पत्नी ओर दो साल बच्चा वरुण अपने साले की शादी समारोह से शिरकत कर बाइक पर घर लोट रहे थे।

# गैंगरेप पीड़िता को अस्पताल लाने वाला कार ड्राइवर गिरफ्तार

**बीकानेर,** (निसं)। बीकानेर के एक कस्बे में युवती के साथ गैंगरेप और मर्डर मामले में पुलिस ने उस कार चालक को गिरफ्तार कर लिया है, जिसने घटनास्थल से अस्पताल तक पहुंचाया था। पुलिस उसकी भूमिका की जांच कर रही है। माना जा रहा है कि वो भी मुख्य आरोपी दिनेश बिश्नोई का दोस्त है।

जानकारी के अनुसार दलित युवती को 19 जून दोपहर 12 बजे सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। आरोपी दिनेश जिस कार से आया था, उसे राकेश नामक युवक चला रहा था। पुलिस ने राकेश को गुरुवार को ही हिरासत में ले लिया था। ज्यादा दबाव बनने पर उसे शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया। राकेश की इस पूरे घटनाक्रम में भूमिका का पता लगाया जा रहा है। राकेश के अलावा ओमप्रकाश, जस्सू और कपिल नामक दो अन्य लोगों को भी हिरासत में लिया गया है। इन तीनों की भूमिका स्पष्ट होने पर गिरफ्तार किया जाएगा। फिलहाल इन्हें गिरफ्तार नहीं किया गया है। इसमें एक पर कमरे में सफाई करने और ताला लगाने का आरोप है। जिसकी छानबीन की जा रही है।

पुलिस हिरासत में अब चार लोग हैं। इसमें कपिल, जस्सू, ओमप्रकाश और कॉन्स्टेबल भागीरथ है। इन चारों को अब तक गिरफ्तार नहीं किया गया है। जस्सू नाई ने उक्त मकान किराए पर ले रखा था, जिसमें ये पूरा घटनाक्रम हुआ। इस पूरे घटनाक्रम में मुख्य अभियुक्त दिनेश बिश्नोई अब तक पुलिस के हाथ नहीं आया है। उसे गिरफ्तार करने के लिए जगह-जगह दबिश दी जा रही है, लेकिन पुलिस को सफलता नहीं मिल रही है। पुलिस ने सात बड़ी टीम बनाई है, जो दिनेश बिश्नोई को ढूंढ रही है। बीकानेर के अलावा राजस्थान के कई हिस्सों में उसकी पड़ताल हो रही है। उसके सभी रिश्तेदारों पर भी नजर रखी जा रही है। शातिर दिनेश बिश्नोई अब तक पुलिस के हाथ नहीं लगा है। आरपीएस स्तर के कई अफसर उसे ढूंढ़ने में लगे हुए हैं लेकिन वो नहीं मिल रहा है।

# छात्रवृत्ति घोटाले का पर्दाफाश

**सवाई माधोपुर,** (निसं)। जिले में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग में लाखों की छात्रवृत्ति घोटाले का पुलिस ने पर्दाफाश कर चार आरोपियों को बैनकाब करने में बड़ी सफलता हासिल की है।

पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन ने जानकारी देते हुए बताया कि 17 जून को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की अधिकारी मीना आर्य ने मानटाउन थाने में छात्रवृत्ति घोटाले के अंदेशे को लेकर मुकदमा दर्ज करवाया था। जिस पर पुलिस ने गहनता के साथ तफ्तीश करते हुए 4 आरोपियों को जांच पड़ताल के बाद धर दबोचा। इसमें सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग का सूचना सहायक ऋषिकेश मीणा, ईमित्र संचालक अजय गुर्जर, श्याम लाल माली तथा महात्मा ज्योतिबा राव फूले यूनिवर्सिटी का कंप्यूटर ऑपरेटर मुकेश कुमार सैनी शामिल है। बताया जा रहा है कि आरोपियों ने लगभग 65 लाख रुपए के घोटाले को अंजाम दे दिया। आरोपियों ने 285 एंट्री फर्जी रूप से कर डाली। मामले में पुलिस अब अपनी अग्रिम कार्यवाही को अंजाम देने में जुटी हुई है।

- सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग में लाखों का छात्रवृत्ति का घोटाला
- पुलिस ने चार आरोपियों को दबोचा

# सांभर-फुलेरा जिला की मांग को लेकर महापड़ाव आज

## फुलेरा विधानसभा के 200 से अधिक गांवों के लोग शामिल होंगे

**सांभरझील,** (निसं)। सांभर-फुलेरा को जिला बनाए जाने की मांग को लेकर आम जनता की ओर से मोखमपुरा हाईवे पर रविवार को महापड़ाव में फुलेरा विधानसभा क्षेत्र के 200 से अधिक गांवों के लोग भाग लेंगे।

फुलेरा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के विधायक उम्मीदवार रहे विद्याधर चौधरी, भाजपा जिला देहात के पूर्व अध्यक्ष दीनदयाल कुमावत, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता मानाराम ठोलिया, एडवोकेट कानाराम कुमावत, फुलेरा के पूर्व चेयरमैन मनोज अहूजा सहित अनेक कद्दावर नेताओं ने विधानसभा क्षेत्र की आम जनता, व्यापारिक बंधुओं, सरपंचों, सामाजिक संस्थाओं, किसानों, पंचायत समिति के सदस्यों, सभी 36 कोम के लोगों से रविवार को होने वाले महापड़ाव में शामिल होने का आव्हान करते हुए रैली निकाली।

- लोगों से रविवार को होने वाले महापड़ाव में शामिल होने का आव्हान करते हुए रैली निकाली

सांभर के सम्राट पृथ्वीराज चौहान सर्किल से रैली प्रमुख मार्गों से होते हुए पुरानी धानमंडी स्थित रामलीला रंगमंच पर सभा में तब्दील हुई। रैली में आसपास गांव से आए हजारों लोगों ने भाग लिया। इस मौके पर विद्याधर चौधरी ने कहा कि, सरकार सांभर फुलेरा को संयुक्त रूप से जिला बनाए जाने की घोषणा करें अथवा इसे जयपुर जिले में यथावत रखा जाए। कुछ लोग इस महापड़ाव को तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं उनके नापाक इरादे कभी सफल नहीं होंगे, ऐसे लोग सांभर फुलेरा की जनता में फूट डालने का काम कर रहे हैं और फूट में भी जबरदस्त झूंठ का सहारा लिया जा रहा है।

डीडी कुमावत ने कहा कि सांभर फुलेरा की जनता अब गद्दारों को पहचान चुकी है, जिला बनाओ संघर्ष समिति ने विधानसभा क्षेत्र की जनता के साथ धोखाधड़ी कर सरकार की मुखबिरी का काम किया है, ऐसे लोगों का अब चेहरा उजागर हो गया है। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के मानाराम ठोलिया ने कहा कि या तो सांभर फुलेरा जिला बनेगा या फिर जयपुर जिले में ही हम यथावत रहेंगे लेकिन दूदू में किसी भी सूरत में सांभर फुलेरा की जनता शामिल नहीं होगी यह सरकार भी कान खोल कर सुन ले। फुलेरा व्यापार मंडल के अध्यक्ष व पूर्व चेयरमैन मनोज अहूजा ने आम सभा में सार्वजनिक तौर पर कहा कि हमने सांभर फुलेरा जिला बनाओ संघर्ष समिति का खुलकर हर प्रकार से योगदान दिया था लेकिन उन्होंने मुख्यमंत्री के पास जाकर सांभर दूदू जिला का प्रस्ताव रखवा दिया। संघर्ष समिति के लोगों ने हमारे चल रहे आंदोलन को कमजोर करने के लिए जो षड्यंत्र रचा है इसका व्यापार महासंघ की ओर से मैं कड़ी निंदा करता हूं तथा जिला संघर्ष समिति को दिया गया समर्थन हम वापस लेते हैं।

# बून्दी में सात जेल प्रहरियों की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती कराया

## मांगों को लेकर 21 जून से शुरु हुआ मैस का बहिष्कार शनिवार को भी जारी रहा



अस्पताल में जेल प्रहरी का उपचार शुरु किया।

**बून्दी,** (निसं)। लंबित मांगों को लेकर जेल प्रहरियों द्वारा किया जा रहा मैस का बहिष्कार शनिवार को चौथे दिन भी जारी रहा। शनिवार को प्रदर्शन के दौरान सात जेल प्रहरियों की तबीयत बिगड़ जाने के बाद उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने वार्ड में भर्ती कर ईलाज प्रारंभ किया।

- वेतन विसंगति दूर करने का आश्वासन पूरा नहीं हुआ

जानकारी के अनुसार शनिवार को सत्यनारायण, अशोक, कपिल, हरिसिंह, जीतराम, सुमेर सिंह और गब्बर सिंह तबीयत खराब हो गई, जिन्हें साथी कर्मचारी जिला अस्पताल लेकर आए। गौरतलब हैं कि जेल कर्मियों ने जनवरी 2023 में प्रदेश सरकार और जेल कर्मियों के मध्य हुए समझौते को लागू नहीं किए जाने के खिलाफ 21 जून से मैस का बहिष्कार कर रखा है। इनका कहना है कि वर्ष 2017 व जनवरी 2023 में सरकार द्वारा 1998 से चली आ रही वेतन विसंगति दूर करने का आश्वासन अभी तक पूरा नहीं हुआ है। जब तक प्रदेश सरकार समझौता लागू नहीं करेगी तब तक मैस का बहिष्कार जारी रहेगा।

# केन्द्रीय कारागृह जोधपुर में अनशन पर बैठे कार्मिक की तबीयत बिगड़ी

**जोधपुर,** (कासं)। प्रदेशभर की जेलों में प्रहरियों एवं कार्मिकों का प्रदर्शन जारी है। वेतन विसंगति सहित कई मांगों को लेकर जेल के कार्मिक कार्य बहिष्कार के साथ धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। जोधपुर केंद्रीय कारागार परिसर पर धरना प्रदर्शन कर रहे एक कार्मिक रेवतराम की तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल ले जाया गया। हालांकि उसकी तबीयत में सुधार बताया गया है।

जानकारी के अनुसार केन्द्रीय कारागृह जोधपुर के समस्त कर्मचारियों द्वारा वेतन विसंगति को लेकर 13 जून से लगाकर 20 जून तक काली पट्टी बांधकर ड्यूटी का निर्वहन किया गया। मांगें नहीं मानने पर 21 जून से लगातार आज चौथे दिन मैस बहिष्कार, भूखे रहकर ड्यूटी निर्वहन कर रहे हैं।

प्रदेश की सरकार की जेल कर्मचारियों की वेतन विसंगति दूर करके राजस्थान पुलिस के समकक्ष करने की सहमति बनी थी। उसी आश्वासन पर जेल कर्मचारियों ने मैस बहिष्कार हड़ताल को समाप्त कर दिया था। मगर परिणामस्वरूप आज तक कोई आदेश नहीं हुआ जिससे जेल कर्मचारियों में रोष है की सरकार वादा करके भूल गई है। जोधपुर केंद्रीय कारागार पर आज सुबह कार्मिक रेवतरात की अचानक से तबीयत बिगड़ने पर एंबुलैंस 108 की मदद से अस्पताल भेजा गया। उसकी हालत में अब सुधार बताया गया है।

# फायरिंग कर की डकैती का पर्दाफाश, सभी आरोपियों को 12 घंटों में गिरफ्तार किया

सादुलपुर, (निसं)। राजगढ तहसील के गोठ्या बडी के सरपंच के घर में घुसकर डकैती की वारदात को अंजाम देने व सरपंच पुत्र को गोली मारने के आरोप में पुलिस ने चार डकैतों को बापर्दा व एक ग्रामीणों की मदद से गिरफ्तार करने में बडी सफलता हासिल की है। वहीं पुलिस की आमने-सामने मुठभेड़ में घायल हुआ एक डकैत अस्पताल में उपचाराधीन है।

प्रकरण अनुसार सुनील गोस्वामी निवासी इन्दासर हाल सरपंच गौठ्या बडी ने लिखित रिपोर्ट दी की कि वह अपने परिजनों के साथ गत रात्रि को सोया हुआ था। तभी छह अज्ञात लोग दीवार फांदकर उसने घर में घुसे। इस दौरान सभी जाग गये व उसके बेटे पुनीत ने पीछा करते हुए एक आरोपी को चौक में पकड लिया, जिसने पुनीत गोस्वामी को जान से मारने की नीयत से गोली चलाई जो उसके कंधे में लगी। गोली की आवाज व परिजनो का हल्ला सुनकर आसपास के ग्रामीणजन भी जाग गये। डकैत फायर करने से पूर्व उसके घर से सोने-चांदी के आभूषण व नगद रूपये निकाल कर ले गये। वहीं प्रकरण में पुलिस की अलग-अलग टीमों ने सभी डकैतों का गत रात से लगातार पीछा। इसी दौरान गांव मांगला जोहडी में डकैती के एक आरोपी द्वारा पुलिस से बचकर भागने व पुलिस को भयभीत करने के लिए थानाधिकारी सुभाष चन्द्र पुलिस निरीक्षक व उसकी टीम पर फायरिंग की।



राजगढ थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार डकैत

इस दौरान आरोपी डकैत को हथियार के साथ दबोच लिया तथा पुलिस द्वारा भी जवाबी फायरिंग की गई, जिससे डकैती के एक आरोपी के पैर में गोली लगी, जिसको अस्पताल में भर्ती करवाया गया है तथा वारदात करने वाले अन्य सभी पाँच आरोपियों को गिरफतार किया गया है। जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीना ने बताया कि घटना में शामिल गिरफ्तार आरोपी काफी शातिर व अव्वल दर्जे के बदमाश है, जिनके द्वारा राजस्थान, हरियाणा व दिल्ली में वारदातें की गई हैं। एसपी मीना ने बताया कि डकैती के बापर्दा गिरफ्तार आरोपी भूरा पुत्र विजयपाल कश्यप निवासी जिला गाजियाबाद, राजकुमार कश्यप जिला गाजियाबाद हाल बवाना रोड शाबा डेयरी दिल्ली, गुलशन उर्फ पोली कश्यम निवासी जिला गाजियाबाद, राजू उर्फ नन्हे कश्यप निवासी जिला गाजियाबाद तथा ग्रामीणों द्वारा मौके पर पकडे गये

- **पुलिस व एक आरोपी की हुई आमने-सामने मुठभेड़ में घायल को दबोचा, स्थानीय नागरिकों के सहयोग से एक आरोपी मौके पर ही गिरफ्तार**

आरोपी सागर कश्यम निवासी बनथला पुलिस थाना लोनी जिला गाजियाबाद को गिरफ्तार किया गया है। आपसी मुठभेड एनकाउंटर में घायल लखमी उर्फ लखमीचन्द्र पुत्र श्रीराम उर्फ सरनाम कश्यम निवासी जिला गाजियाबाद अस्पताल में उपचाराधीन है। प्रकरण में दो टेवटा, दो हार, आठ चुडी, दो मंगल सूत्र, दो चेन, चार लौकेट, दो छोटे लॉकेट, दो रखडी, चार अंगुठी, एक कडा, पाँच अंगुठी मर्दाना, एक झुमकी, एक मंगलसूत्र बिमला का, दो अगुठी जनाना, एक जोडी कान के बाले, सोने के दो बाजूबंद, कुल करीबन 45 तोला सोना के जेवरात व पाँजेब, दो कमर बंद, तीन कटोरी, चार गिलास, बच्चों के हाथ पैर के कडे, चम्मच, चांदी के सिके आदि कुल करीबन चांदी के सामान को करीब 18० तोला तथा 8 लाख 40 हजार रूपये नगदी उनके घर से चोरी कर ले गये।

## घायल की उपचार के दौरान मौत

सादुलपुर, (निसं)। राजगढ में हिसार बाईपास सडक पर 18 जून को एक मोटरसाईकिल चालक द्वारा मोटरसाईकिल को तेजगति व लापरवाही से चलाने के कारण पीछे बैठे व्यक्ति के गिरने से घायल की 22 जून को रोहतक पीजीआई अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। जिसका शनिवार को राजगढ थाने में मामला दर्ज करवाया गया है। राजगढ थाने के राकेश कुमार को सोंपी रिपोर्ट में जयवीर सिंह पुत्र दीवान सिंह उर्फ दीवाना जाट उम्र 55 साल निवासी गढी कैमरी रोड हिसार हरियाणा ने इस आरोप का मामला दर्ज करवाया है कि 18 जून को उसका छोटा भाई कृष्ण जाट निवासी जिला हिसार उनकी रिस्तेदारी में गया था, वहां हिसार बायपास राजगढ में करीब रात के 11 बजे मोटरसाईकिल से वापिस आ रहे थे तथा मोटरसाईकिल को प्रदीप पुत्र रतन सिंह निवासी गुलपुरा मोड राजगढ चला रहा था तथा उसका छोटा भाई कृष्ण पीछे बैठा था। तभी प्रदीप ने मोटरसाईकिल को तेजगति व लापरवाही से चलाई, जिससे कृष्ण निचे गिर गया तथा उसके सीर मे चोट लगी। जिसको राजगढ से रेफर कर दिया गया, तो उसको वह तथा उसका भांजा सोमवीर गागाडवास उसे हिसार सपरा अस्पताल में लेकर गये।

# समय पर नहीं पहुंच रहे कर्मचारी व अधिकारी

चूरू, (कासं)। जिला मुख्यालय पर सरकारी कार्यालयों में कर्मचारी अपनी मन-मर्जी पर ऊतारू है जहां पर कर्मचारी विभागीय समय में ही विभाग में नहीं पहुंच रहे हैं और इनका संज्ञान लेने वाला भी कोई नजर नहीं आ रहा है। लोगों ने बताया कि सभी सरकारी कार्यालयों का हाल एक जैसा ही हैं कलेक्ट्रेट परिसर में भी हालात काफी खराब हैं। कर्मचारी अपनी मनमर्जी से आते हैं और मन मर्जी से जाते हैं। कोई कहने सुनने वाला ही नजर नहीं आ रहा है। लोगों ने बताया कि केवल कर्मचारी ही नहीं शीर्ष अधिकारियों के हाल भी ऐसे ही हैं कार्यालय समय से देरी से पहुंचते है और पहले निकलते हैं। विभाग में इस प्रकार हो रही लापरवाही पर जिला कलेक्टर को ध्यान देना चाहिए और संबंधित कार्मिकों को चाहे व वरिष्ठ अधिकारी हो या कर्मचारी तुरंत प्रभाव से उनपर कार्यवाही की जानी चाहिए। इसमें एक यह भी महत्वपूर्ण प्रश्न हैं कि कई सरकारी विभागों में पूर्व में डिजीटल उपस्थिति के लिए मशीने लगाई गई थी। जिनमें कर्मचारियों का समय पर पहुंचना ही पडता था क्योंकि वह

- **सरकारी विभागों में डिजीटल मशीन का अभाव**

निर्धारित समय तक ही उपस्थिति को स्वीकार करती थी लेकिन अधिकारी व कर्मचारी जिस पर मनमर्जी से मनमाने समय पर पहुंच रहे हैं इससे यह बात तो स्पष्ठ हैं कि उन मशीनों का उपयोंगे भी बंद हो गया है। जानकार सूत्रों ने बताया कि आज की तारीख में शायद ही कोई ऐसा विभाग हो जहां पर डिजीटल हाजरी ली जाती हो इसमें यह सवाल उठता हैं कि फिर आखिर मशीनो को लगाने का ही क्या फायदा हुआ। हालांकि जहां पर इस प्रकार डिजीटल मशीने नहीं लगी हैं उन कार्यालयों को जल्द से जल्द डिजीटल मशीनों से जोड़ा जाना चाहिए।


प्रपत्र संख्या 7 ( देखिये नियम 21 )

**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा18( 2 )के अधीन नोटिस कार्यालय सहायक आयुक्त ( द्वितीय ) देवस्थान विभाग, जयपुर**

**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**

मुकदमा नम्बर 49/2023 ( नाम वार्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री रतनलाल स्वामी पुत्र श्री रामेश्वर स्वामी निवासी वार्ड नं.6, धोला मेड, ग्राम मनकसास तहसील उदयपुरवाटी, जिला झुंझुनू ने राजस्थान राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास श्री रघुनाथ जी मंदिर ट्रस्ट, धोला मेड ढाणी, ग्राम मनकसास, तहसील उदयपुरवाटी जिला झुंझुनू के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने कि लिए आवदेन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारां प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्याक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोइ हो प्रस्तुत करे।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नही की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा। आज दिनांक 23.6.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 28.8.2023

मोहर अदालत

सहायक आयुक्त ( द्वितीय )
देवस्थान विभाग, जयपुर


## बेमियादी पड़ाव की चेतावनी

खेतड़ी, (निसं)। नीमकाथाना से हटाओ झुंझुनूं में मिलाओ संघर्ष समिति उतर पश्चिमी क्षेत्र तहसील खेतड़ी के अध्यक्ष कामरेड रामचंद्र कुलहरि, संरक्षक पूर्व प्रधान बजरंगसिंह चारावास, उपाध्यक्ष कामरेड इंद्राजसिंह चारावास व सचिव कामरेड रविंद्र पायल ने आ रही चर्चाओं, जिसमें संपूर्ण खेतड़ी क्षेत्र को नीमकाथाना जिले में शामिल करने की बात हो रही है। उस पर हैरानी जाहिर करते हुए संघर्ष समिति के नेताओं ने कहा कि क्षेत्रीय विधायक डॉ. जितेंद्र सिंह की लोयल में की गई घोषणा क्या क्षेत्रीय जनता की आंखों में धूल झोंकने के लिए थी। लंबे समय से ग्राम पंचायत लोयल, चारावास, मानोता जाटान की संपूर्ण ग्राम पंचायतें व ग्राम पंचायत नंगली सलेदीसिंह, बड़ाऊ, रसुलपुर के राजस्व ठााम नंगली सलेदीसिंह, चरणसिंहनगर, शिवनगर व रसुलपुर झुंझुनूं में रहने के इच्छुक होने के बावजूद तथा छह ग्राम पंचायतों की ठााम सभाओं के झुंझुनूं जिले में रहने के प्रस्ताव व क्षेत्रीय समर्थकों के बार बार गुहार लगाने के बावजूद नीमकाथाना में जबरदस्ती धकेलने की कार्रवाई क्षेत्रीय जनता की जनभावनाओं का अनादर है।

# भाजपा विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी : राठौड़



चूरू में नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने भाजपा संयुक्त मोर्चा सम्मेलन का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।

चूरू, (कासं)। जिला मुख्यालय पर शनिवार को स्थानीय मातुश्री टाऊन हॉल में भाजपा के संयुक्त मोर्चा सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें बोलते हुऐ नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि भाजपा का परिवार बहुत बड़ा है और पार्टी के ये सभी मोर्चे पार्टी के आंख नाक कान की तरह काम करते हैं।

उन्होने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी बन चुकी है। इसके पिछे कुशल नेतृत्व एवम् सभी कार्यकर्ताओ का कठोर परिश्रम है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के सफलतम 9 वर्ष पूर्ण होने पर केन्द्र सरकार की विभिन्न जनहित कल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का काम संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारी घर घर जाकर जानकारी दे रहे है।

## प्रचंड गर्मी में हो रही विद्युत कटौती

चूरू, (कासं)। जिला मुख्यालय पर प्रचंड गर्मी अपने रंग दिखाने लग गई हैं। वहीं दूसरी और विद्युत विभाग से भी आम जनता त्रस्त आ रही है। शनिवार सुबह सात बजे ही स्टेशन रोड आदि स्थानों पर विद्युत विभाग द्वारा ढाई घंटे की विद्युत कटौती की गई। जिस कारण सुबह के समय ही आम आदमी परेशान होते नजर आया। वहीं पूरे दिन भर में प्रतिदिन सात से आठ बार लाईट काट देने से मुख्य शहर के व्यापारी से लेकर निवासी तक सभी परेशान होते है। प्रचंड गर्मी में जहां एक और लोग घरो से बाहर निकलने से ही बचते हैं वहीं दूसरी ओर विद्युत विभाग की इस प्रकार की अघोषित तरीके से बार-बार कटौती के कारण आम आदमी परेशान होता नजर आ रहा है। हर वर्ष ही गर्मी में विद्युत विभाग इन अघोषित कटौतियों से निपटने के लिए समाधान का बोलता हैं लेकिन स्थाई समाधान नहीं कर पा रहा है। दिन में आठ से दस बार विद्युत कटौती होना आम बात हो गई है। जिला प्रशासन में आम जनता की मूलभुत सुविधाओं पर ध्यान देने की बजाएं खानापूर्ति करते नजर आ रहा है। शहर की जनता की स्थिति तो ऐसी हो गई हैं कि उनकी सुनने वाला कोई नहीं है।

# उपसभापति व पार्षद ने एक दूसरे पर मुकदमें दर्ज करवाए

चूरू, (कासं)। जिला मुख्यालय पर गत 22 जून को नगर परिषद की साधारण सभा की बैठक हुई थी। जिसमें हुए हंगामें थमने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। पहले तो भाजपा के कार्यकर्ताओं ने सभापति पायल सैंनी पर गलत व झूठे बयान देने के आरोप लगाएं व कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया। अब शुक्रवार देर पार्षदों ने एक दूसरे के ऊपर मुकदमें दर्ज करवाएं है।

मामला इस प्रकार था कि उप सभापति और कुछ पार्षदों के बीच विवाद हो गया था। जिसको लेकर दोनों पक्षों ने कोतवाली थाने में मुकदमा दर्ज करवाया हैं। अब कोतवाली पुलिस उन पर संज्ञान लेगी। इस संबंध में कोतवाली पुलिस ने बताया कि नगर परिषद उप सभापति नसीम निशा ने रिपोर्ट दी कि नगर परिषद की साधारण सभा बैठक में वह अपने स्थान पर बैठी थी। इस दौरान सीताराम खटीक और पार्षद घनश्याम अलवरिया ने सीट से नीचे उतारने की बात कहते हुए हंगामा करते हुए दुर्व्यवहार किया। बैठक खत्म होने के बाद जब वह बाहर निकली तो सीताराम खटीक, घनश्याम अलवरिया, चंदा देवी, मनीष खटीक और 4 अन्य ने उसके और उसके पति रमजान खान के साथ धक्का-मुक्की करने के साथ ही मारपीट की और गले से सोने का हार भी छीन लिया। दूसरी ओर से पार्षद घनश्याम अलवरिया ने रिपोर्ट देते हुए बताया कि नगर परिषद की साधारण सभा मे गिरधारी भामी, विनोद, चंदा देवी ने ऑब्जेक्शन किया कि नियमानुसार सभा में 2 अध्यक्ष नहीं हो सकते हैं और उप सभापति को पार्षदों के साथ नीचे बैठने की बात कही।

इस बात पर मीटिंग हॉल के बाहर खड़े उप सभापति के पति रमजान खान ने अन्य लोगों को फोन कर बुलाया और जातिसूचक गालियां निकालते हुए मारपीट की। आरोपियों ने पार्षद चंदा देवी से दुर्व्यवहार किया। इसको लेकर अब कोतवाली थाने में मुकदमा दर्ज हो गया हैं और पुलिस अनुसंधान में जुट गई है।

## अतिक्रमियों के हौसले बुलंद

चूरू, (कासं)। जिला मुख्यालय के पूनिया कॉलोनी के निवासियों ने आम रास्ते पर अतिक्रमण करने व रास्ता रोकने वाले पर कलेक्टर को ज्ञापन देकर तुरंत प्रभाव से कार्यवाही करवाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया कि वार्ड संख्या 33 पूनिया कॉलोनी के गली नं 14 में आम रास्ते पर अनिल घायल निवासी सिरसली व हेमराज सहारण निवासी पूनिया कॉलोनी ने आम रास्ते पर पक्का निर्माण व कांटेदार बाई बनाकर उक्त रास्ते को अवरूद्ध कर दिया हैं और अवैध कब्जा कर लिया है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में जब कॉलोनीवासियों द्वारा जब उक्त दोनो व्यक्तियों को कहा गया तो दोनो व्यक्ति कॉलोनीवासियों के साथ गाली.गलौच व मारपीट करने की कोशिश करने लगे। जिस कारण माहौल तनावपूर्ण हो गया है तथा शांतिभंग व खून. खराबा होने की नौबत तक आ गयी है तथा कभी भी उक्त रास्ते को लेकर जान.माल का नुकसान हो सकता है। आश्चर्य की बात तो यह ही भी हैं कि कॉलोनी वासियों ने 13 अप्रैल को इस बारे में लिखित शिकायत नगर परिषद के आयुक्त को दी थी लेकिन आश्चर्य की बात रही की अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई हैं। गौरतलब रहे कि जब शिकायत मिलने के दो माह बाद भी नगर परिषद ने इस पर कार्यवाही नहीं की तो बाकि शहर में जहां पर काई शिकायत करने वाल ही नहीं वहां पर हाल कैसा रहेंगा। नगर परिषद द्वारा दो माह बीत जाने के बाद भी कार्यवाही न करना आश्चर्य का विषय हैं। नगर परिषद का शिकायत होने के बाद भी कार्यवाही न करना इस बात की और भी इशारा करता हैं कि चूरू नगर परिषद में कितनी पारदर्शिता हैं और अन्य शिकायतों पर भी कितना ही अमल किया जाता होंगा। ज्ञापन देने वालों में रमेश शर्मा, पीयूष, चन्द्रा, अखिलेश, प्रदीप, सुभाष, मनोज, मनीराम, अभिनव, अंजू आदि शामिल रहें।


प्रपत्र संख्या 7 ( देखिये नियम 21 )

**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा18 ( 2 ) के अधीन नोटिस कार्यालय सहायक आयुक्त ( द्वितीय ) देवस्थान विभाग, जयपुर**

**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**

मुकदमा नम्बर 48/2023 (नाम वार्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री संदीप कुमार रामुका पुत्र श्री किशन लाल निवासी वार्ड नं.21, उदयपुरवाटी, जिला झुंझुनू ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास मॉ शाकम्भरी सेवा समिति सकराय धाम तहसील उदयपुरवाटी जिला झुंझुनूं के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने कि लिए आवदेन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारां प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्याक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नही की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा। आज दिनांक 23.6.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 28.8.2023

मोहर अदालत

सहायक आयुक्त ( द्वितीय )
देवस्थान विभाग, जयपुर


# मंथली नहीं देने पर पिकअप गाड़ी पर फायर किया

खेतड़ी, (निसं)। बीती रात को खेतड़ीनगर थाना क्षेत्र में दो जगह फायरिंग की वारदात हुई। मानोता कलां में शराब ठेके पर मंथली रुपए नहीं देने पर बदमाशों ने आग लगाने व फायरिंग की वारदात को अंजाम दिया है। मामला देर रात को होने की बात सामने आई है।

इस दौरान मौके पर पहुंची पुलिस ने पिकअप गाड़ी से एक खोल भी बरामद कर लिया। शराब ठेके के सेल्समैन गुढ़ा पौंख निवासी रोशनलाल ने बताया कि वह मानोता कलां के शराब ठेके पर सेल्समैन की नौकरी करता है। रात करीब 11 बजे वह ठेके के बाहर सो रहा था। इस दौरान दीवार फांद कर मानोता खुर्द निवासी धर्मवीर ऊर्फ धर्मा, यादराम व दो-तीन अन्य युवक बाइक पर सवार होकर आए और उसकी कनपटी पर पिस्तौल लगाकर ठेके की चाबी मांगी। इस दौरान वह सैल्समैन से जबरन चाबी लेक ठेके में घुस गए। जहां उन्होंने गल्ले में रखे 29 हजार रूपए निकाल लिए तथा दुकान के अंदर रखे सामान पर पेट्रोल छिडककर आग लगाने का प्रयास किया। इसी दौरान ठेका संचालक अमीलाल ने बाहर से आवाज लगाई तो हाथ छुडवाकर बाहर आया पीछे-पीछे धर्मवीर उर्फ धर्मा व यादराम भी आ गए। अमीलाल ने बताया कि धर्मवीर उर्फ धर्मा ने कहा कि ठेका चलाना है तो 20 हजार रूपए मंथली देनी होगी। नहीं तो ठेका नहीं चलने देंगे। मंथली देने से मना करने पर धर्मा ने पिकअप गाडी के शीशे पर फायर कर मोटर साईकिल पर बैठ के फरार हो गए। इस दौरान आरोपियों के भागते समय उनके हाथ से 26 हजार वहीं गिर गए और तीन हजार लेकर भागने लगे। उनके साथ तीन अन्य भी थे। इसके बाद आरोपी केसीसी स्थित आवासीय क्वार्टर पर पहुंचे। जहां उन्होंने घर के बाहर खडी स्कॉर्पियो गाडी के पीछे के शीशे पर फायर की वारदात को अंजाम दिया। पीछे के शीशे को तोडते हुए गोली का खोल सामने वाले शीशे के टकरा कर गाडी में गिर गया। शराब ठेकेदार अमीलाल की ओर से रिपोर्ट दी की रात को जब वह ठेके पर गया तो ठेके की लाइट बंद देख कर सेल्समैन को आवाज लगाई तो वह घबराया हुआ। अंदर से बाहर आया और घटना की पूरी जानकारी दी।

## जयपुर से आई टीम ने किया निरीक्षण

मंडावा, (निसं)। शहर में नई जलापूर्ति व सीवरेज परियोजना के कार्य कर रही राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना (आरयूआईडीपी) द्वारा उपभोक्ताओं की सेवा के लिए कई कार्य प्रगति पर है। कांट्रेक्टर भुजंग राव के नेतृत्व में जयपुर से आई टीम ने प्रगति पर कार्यों का निरीक्षण किया। साइट इंजीनियर अदनान सिद्धकी ने बताया कि मंडावा के जलदाय विभाग कार्यालय परिसर में उपभोक्ता सेवा एवं प्रबंधन केंद्र का कार्यालय बनकर तैयार हो चुका है जहां पर पेयजल एवं सीवरेज से संबंधित लोगों की समस्याओं व शिकायतों का निस्तारण किया जाएगा और इसके अलावा केंद्रीय नियंत्रण कक्ष में नए जल कनेक्शन व उपभोक्ताओं की शिकायतों से संबंधित कार्य होंगे तथा मुख्य नियंत्रण कक्ष में पंप हाउस को कंट्रोल करने संबंधित कंप्यूटराइज कार्य होगा जिसमें पेयजल सप्लाई से संबंधित कार्य प्रमुख है। साथ ही साढे 5 लाख लीटर पानी स्टोरेज के लिए टैंक का निर्माण कार्य भी किया गया है जहां से घरों व अन्य टंकियों में पानी सप्लाई होगा।

# श्रमिकों को दी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

मंडावा, (निसं)। शहर में नई पेयजल वितरण प्रणाली व सीवरेज परियोजना के कार्य कर रही राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना (आरयूआईडीपी) के सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता कार्यक्रम के तहत रूडिप के अधिशाषी अभियंता दिनेश कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में शनिवार को मंडावा शहर में सीवरेज ट्रींटमेन्ट प्लान्ट पर परियोजना में कार्यरत श्रमिकों के साथ जागरूकता एवं अनुभव साझा करने के लिये एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सीएमएससी के सामाजिक व पर्यावरण विशेषज्ञ योगेश आत्रेय ने श्रम के महत्व पर बोलते हुए कहा कि बिना मजदूर के विकास की बात करना ही बेमानी होगा, सभी प्रकार के विकास काम श्रमिकों द्वारा ही किये जाते है व श्रमिकों हेतु केन्द्र अथवा राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं, कार्य के दौरान हैलमेंट, दस्ताने, गमबूट, जैकेट, हाईट पर काम करते समय सेफ्टी बैल्ट काम में लेने, शौचालय का सही तरीके से उपयोग करने, सुरक्षा का



मंडावा में श्रमिकों को सुरक्षा के लिए जागरूक करते आरयूआईडीपी के अधिकारी अनिल रूहेला व योगेश आत्रेय ( दाएं बीच में )।

महत्व, मानव जीवन में शिक्षा का महत्व आदि पर भी बताया। सीएपीपी इकाई के सामुदायिक विकास अधिकारी अनिल रूहेला ने परियोजना श्रमिकों को श्रम का महत्व, मजदूरों के अधिकार एवं कर्तव्य, श्रमिकों हेतु जन कल्याणकारी योजनाए, कार्य के दौरान सुरक्षा का महत्व, मानव जीवन में शिक्षा का महत्व, मौसमी बीमारियों से बचाव, महिला श्रमिकों को मिलने वाली सुविधाए, यौन रोगों से बचाव व व्यक्तिगत एवं सामूहिक स्वास्थ्य पर चर्चा की गई। निविदा फर्म के आऊट रीच टीम की सदस्या संजु चेजारा व सुनीता परिहार ने श्रमिकों को बताया कि हमें अपने स्वास्थ्य के साथ ही सामूहिक साफ - सफाई पर ध्यान देने की बहुत जरूरत है, हमें खाने से पहले व शौच के बाद साबुन से हाथ जरूर धोने चाहिये।

## बिजली टॉवर पर चढ़ा युवक

चूरू, (कासं)। जिले के भानीपुरा थाना पुलिस ने पल्लू से सरदारशहर हाईटेंशन विद्युत के टॉवर से के पर चढ़े एक जने को नीचे उतार कर जान बचाई। जिला पुलिस अधीक्षक चूरू राजेश कुमार मीना आई.पी.एस ने बताया कि श्राजेन्द्र कुमार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चूरू, हिमांशु शर्मा आरपीएस वृताधिकारी वृत सरदारशहर के निकटतम सुपरविजन में गत दिवस पुलिस थाना भानीपुरा टीम द्वारा मेगा हाईवे रोडवेज बस स्टेण्ड सावर के पास पल्ल से सरदारशहर हाईटेशन बिजली लाईन के टावर के ऊपर चढे व्यक्ति को ग्रामीणो की मदद से समझाईश कर निचे उतारकर नाम पता पूछा तो अपना नाम दिनेश पुत्र मोडुराम जाति नायक निवासी साडासर होना बताया। जिसको बाद समझाईस कर पिता मोडुराम को सुपुर्द किया गया।


**SUDESH ASSOCIATES**

**Advocate ad Law Consultant**

क्रमांक :-SPL/june-23/101

दिनांक 16.06.2023

**सार्वजनिक सूचना बाबत मुख्त्यारनामा आम दिनांक 18.01.2022 के निरस्तीकरण**

हर आम व खास को सूचित रहे कि मेरे अभिभाष्य श्री विजय कुमार पुत्र श्री पोखरमल सैनी, निवासी वार्ड नम्बर 3, पोस्ट भादरा तहसील भादरा, जिला हनुमानगढ़ (आधार संख्या 7782 1218 8894) की वाके ग्राम कस्बा चूरू के अग्रसेन नगर की दक्षिण की ओर स्थित कृषि भूमि खसरा नम्बर 1005 तादादी 10 बीघा 10 बिस्वा का 5 बीघा 5 बिस्वा अर्थात 1/2 भाग जरिये इकरारनामा दिनांक 14.07.2011 के द्वारा खातेदार रफीक अहमद पुत्र स्व. श्री अब्दुल करीम निवासी- चूरू से क्रय की हुई है तथा अग्रसेन नगर के ही भूखण्ड संख्या ई-51 की पूर्वी तरफ की 20X55 फीट नाप कुल 1100 वर्गफीट का 1/2 भाग अर्थात 550 वर्गफीट का भूखण्ड जरिये इकरारनामा दिनांक 01.01.2001 के द्वारा नंदलाल भरतीये पुत्र श्री छगन लाल भरतीये, डायरेक्टर अमरकाल व्यापार प्रा. लि. से खरीदशुदा है तथा उक्त दोनों भूखण्डों पर मेरे अभिभाष्य का भौति एवं वास्तविक कब्जा है।

यह कि मेरा अभिभाष्य काम-काज के सिलसिले में जयपुर व भादरा में निवासरत रहने के कारण उक्त अचल सम्पति की देखभाल एवं समुचित प्रबंधन हेतु एक मुख्त्यारनामा आम 100/- रूपये के स्टाम्प पेपर क्रमांक 9338 पर दिनांक 18.01.2022 को अपने विश्वस्त एवं निजी व्यक्ति श्री अनिल बालाण पुत्र स्व. पेमाराम सैनी, निवासी-चूरू जिला चूरू के पक्ष में लिखकर उसे अपना मुख्त्यारआम नियुक्त किया था, जिसे मेरे अभिभाष्य ने दिनांक 31.03.2022 को निरस्त कर प्रत्याहृत कर लिया था, जिसकी सूचना उक्त मुख्त्यारआम एवं अन्य लोगों को है किन्तु मेरे अभिभाष्य ने अपने पारिवारिक कारणों के कारण उक्त सूचना किसी सार्वजनिक सूचना पत्र में प्रकाशित करवाकर हर आम एवं खास को सूचित नहीं कर पाया था, जो कि आज दिनांक को उक्त मुख्त्यारनामा आम दिनांक 18.01.2022 के निरस्तीकरण बाबत सार्वजनिक सूचना इस आशय की प्रसारित की जाती है कि उपरोक्त वर्णित मद में उल्लेखित की गई सम्पति के संबंध में मुख्त्यारआम श्री अनिल बालान पुत्र श्री पेमाराम सैनी, निवासी- चूरू को दिनांक 31.03.2022 के बाद से उसकी समुचित देखभाल एवं प्रबंधन के संबंध में कोई हक-अधिकार नहीं है एवं ना ही कोई व्यक्ति अथवा संस्था उक्त संबंध में कोई संव्यवहार दिनांक 31.03.2022 के बाद से अनिल बालाण से करने को कानूनी रूप से अधिकृत है। यदि कोई व्यक्ति या संस्था उक्त सम्पति के संबंध में कोई संव्यवहार या लेन-देन उक्त अनिल बालाण से करता है तो वह कानूनी रूप से शून्य एवं निष्प्रभावी होगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी संव्यवहार या लेन-देन करने वाले व्यक्ति अथवा संस्था की होगी। सूचित रहे।

भवदीय
(सुदेश कुमार सैनी)
एडवोकेट


# भाजपा ने मदन लाल सैनी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की

झुंझुनूं, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष मदन लाल सैनी की चौथी पुण्यतिथि पर भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा स्थानीय पीरू सिंह सर्किल स्थित खाना खजाना रेस्टोरेंट में जिलाध्यक्ष पवन मावंडिया की अगुवाई में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

इस मौके पर बोलते हुए जिलाध्यक्ष पवन मावंडिया ने कहा कि मदनलाल सैनी सादा जीवन एवं विराट व्यक्तित्व के धनी थे। वे संघ व संगठन निष्ठ व्यक्ति थे, जिन्होंने हजारों कार्यकर्ताओं के व्यक्तित्व का निर्माण किया था। उन्हें संगठन कार्यकर्ताओं का शिल्पकार कहा जाए तो भी गलत नहीं होगा। उन्होंने जीवन पर्यंत भारतीय जनता पार्टी की पंच निष्ठाओं का पालन किया तथा बडी संख्या में कार्यकर्ताओं को तैयार किया। इनके अलावा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बनवारी लाल



भाजपा कार्यकर्ताओं ने मदन लाल सैनी की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

सैनी, राष्ट्रीय परिषद प्रतिनिधि विश्वंभर पूनिया, नगर मंडल अध्यक्ष कमल कांत शर्मा, भाजपा नेता बबलू चौधरी, राजीव चौधरी, बुधराम सैनी, सुरेंद्र सिंह छावसरी, जगदीश सैनी, पार्षद चंद्र प्रकाश शुक्ला ने भी मदन लाल सैनी को श्रद्धांजलि देते हुए अपने विचार रखे।


उन्होंने कहा कि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष संगठन शिल्पकार मदन लाल सैनी ने जीवन पर्यंत पार्टी की सेवा की। ऐसे व्यक्तित्व के धनी से प्रत्येक कार्यकर्ता को प्रेरणा लेनी चाहिए। वक्ताओं ने स्वर्गीय सैनी के जीवन

- **भाजपा ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सैनी की पुण्यतिथि मनाई**
- **मदन लाल सैनी सादा जीवन एवं विराट व्यक्तित्व के धनी थेः मावंडिया**

के कई संस्मरण भी बताए। इस मौके पर झुंझुनूं ग्रामीण मंडल अध्यक्ष भादर मल स्वामी, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष शौकत अली चौहान, भाजपा नगर महामंत्री रवि लांबा, नगर उपाध्यक्ष रामनिवास सैनी, ताराचंद सैनी, चंद्र प्रकाश शुक्ला, विकास पुरोहित, गायत्री पुजारी, महेंद्र सोनी, नगर मंत्री जगदीश गोस्वामी, कैलाश कुमावत, सुशील सिकलीगर, अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल अध्यक्ष खलील सिलावट, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष सावित्री सैनी, धर्मवीर चौधरी, सतपाल भेडा, सुभाष मावंडिया, पुरूषोत्तम सैनी, ममता शर्मा, मंजू चौहान, श्री राम सैनी, संपत सिंह तवर, पार्षद विजय सैनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष राकेश सहल, अनिल जोशी, असगर अली पहाडयिान, सुमेर कडवासरा, एडवोकेट हनुमान सिंह महला, लीलाधर पुरोहित, एससी मोर्चा जिला महामंत्री विजय चावला, अब्दुल मजीद अब्बासी, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष मुकेश सैनी, उपाध्यक्ष नंदलाल सैनी, महावीर सोनी, संतोष, राकेश सैनी, विक्रम सैनी, पंकज सैनी सहित बडी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर पूर्व भाजपा नेता मदन लाल सैनी की आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता कमल कांत शर्मा ने किया।

## मंत्री ओला कल देंगे सौगात

झुंझुनूं, (निसं)। शहर के मोहल्ला बटवालांन में स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 26 जून को सुबह सवा नौ बजे विभिन्न विकास कार्यो का लोकार्पण किया जाएगा।



झुंझुनूं ब्लॉक अध्यक्ष अज़मत अली ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परिवहन मंत्री बृजेंद्र सिंह ओला होंगे। इस दौरान मंत्री का नागरिक अभिनंदन भी किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता सभापति नगमा बानो करेगी। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिला प्रमुख डॉ. राजबाला ओला, झुंझुनूं प्रधान पुष्पा चाहर, पंचायत समिति सदस्य अमित ओला होंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर पूर्व जिलाध्यक्ष महेंद्र झाझड़िया, गिडानियां ब्लॉक अध्यक्ष सुमेर सिंह महला, पूर्व चेयरमैन तैयब अली, संयुक्त निदेशक शिक्षा विभाग चूरू पितराम सिंह काला मौजूद रहेंगे।

## युवक से मारपीट का मामला

चूरू, (कासं)। जिला मुख्यालय पर फतेहपुर से बारात में आएं युवक के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया हैं। जहां पर चोटिल युवक को उसके रिश्तेदारों ने भरतिया अस्पताल में भर्ती करवाया है। घटना की सूचना के बाद एएसआई गिरधारी सैनी ने अस्पताल पहुंच कर घटना की जानकारी प्राप्त की है। कोतवाली एएसइआई गिरधारी सैनी ने बताया कि घायल युवक रिश्तेदारी में शादी समारोह में फतेहपुर से आया था। फतेहपुर से बारात चूरू आई थी। जहां भरतिया रोड पर न्यू मुंबई हॉटेल के पास डीजे की बात को लेकर विवाद हो गया। जिस पर छह युवको ने उसके साथ मारपीट की। उसने बताया कि उकत युवक उससे पुरानी रंजिश रखते हैं।

# Janardan Rai Nagar Rajasthan Vidyapeeth (Deemed To Be University)


# जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ (डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय)

सरस्वती देवयन्ते हवन्ते

Pratap Nagar, Udaipur – 313001 (Raj.) Ph. & Fax : 0294-2492440, Email: admissions@jrnrvu.edu.in

## समस्त पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) से मान्यता प्राप्त






## Manikyalal Verma Shramjeevi College

**Faculty of Social Sciences and Humanities : Mobile No. : 9829160606, 9460826362, 9413752492**

**B.A.** : English, Hindi, Sanskrit, History, Sociology, Geography, Economics, Political Science, Public Administration, Environmental Science, Jyotish
**M.A.** : English, Hindi, Sanskrit, History, Sociology, Geography, Economics, Political Science
**Diploma Course** : Diploma in Panchgavya, Diploma in Acupressure, P.G. Diploma in GIS & Remote Sensing, Bachelor of Journalism and Mass Communication **Certificate Course** : Spoken English, Proficiency in English and Communication Skills, Culture of Rajasthan, Research Methods and Data Analyst, Human Rights, Acupressure, Sanitation and Modern Society, Health Awareness

**Faculty of Commerce : Mobile No. : 9460492196, 9460372183, 9461180053**

B.Com., B.B.A., M.Com. (Accounting, Business Administration), Master of NGO Management, P.G. Diploma in Training & Development Certificate Course: Plastic Processing and Manufacturing Skills, Tally ERP-9.0, Goods and Service Tax (GST)

**Faculty of Science : Ph. 7852803736, 9828072488**

B.Sc. : Physics, Mathematics, Chemistry, Statistics, Computer Science, Botany, Zoology, Biotechnology, Environmental Science, Geology
M.Sc. Chemistry (Inorganic, Organic, Physical, Industrial)
M.Sc. : Mathematics, Physics, Botany, Zoology, Environmental Science, Statistics, Bioinformatics, Biotechnology, Computer science

## Jyotish and Vastu Sansthan - 9460030605

M.A. (ज्योतिर्विज्ञान), **Diploma and Certificate Courses in Astrology** (ज्योतिष), Vastu (वास्तु), Palmistry (हस्तरेखा), Worship System (पूजा पद्धति), Rituals (अनुष्ठान), Vedic Culture (वैदिक संस्कार संस्कृति).

## Manikyalal Verma Shramjeevi Evening College
**Mob. - 9414291078, 8209630249**

B.A, BA (Additional), B.Lib MA (All Subjects), MA (Music)MA Education, M.Com, M.Sc (Chemistry/Botany /Zoology/Physics/Maths), MA/M.Sc (Psychology), M.Lib PG Diploma in Guidance counseling, PG Diploma in Mental Health Counselling, B.Ed in Special Education (ID), B.Ed Special Education (HI) D.Ed. Special Education (IDD) D.Ed. Special Education (HI), D.Ed. Special Education (VI), (BA/B.Com/B.Sc Integrated BEd special Education Eligibility 10+2), DCBR (Diploma in Community Based Rehabilitation), DISLI (Diploma in Indian sign language interpretation (subject to RCI approval), D.Lib, Diploma in Music

## Department of Physical And Yoga Education
**M.V. Shramjeevi Collage Campus, Ph.: 9352500445**

PhD. Yoga, M.A.Yoga, P.G. Diploma In Yoga, PhD. Physical Education, M.A. Physical Education, Bachelor of Physical Education & Sports, (B.P.E.S), Diploma In Gym Instructor, Diploma in Sports Coaching (NIS) - 1 Year(Wrestling, Judo, Powerlifting, Yoga, Weight Lifting, Boxing, Wusu)

## Department of Physical Education, Pratap Nagar Campus - 9829943205

Diploma in Sports Coaching (NIS) - 1
Year (Hockey, Football, Kabaddi, Volleyball, Basketball, Badminton)

## Department of Law - 9414343363, 9887214600

B.A.LL.B. (5 Year Integrated Course), LL.B. (3 Year Degree Course), LL.M. (2 Years), Ph.D., PG Diploma (1 Year Course) in Labour Law (PGDLL). Cyber Law (PGDCL), Law & Forensic Science (PGDLFS). Accountancy & Taxation (PGDLTA) and Intellectual Property Laws (PGDIPL). LLM 2 years (Criminal and Business Law)
Diploma in Criminal Psychology

## Department of Pharmacy - 9414869044

D. Pharma (Diploma in Pharmacy)

## Faculty of Engineering - Rajasthan Vidyapeeth Technology College
**Ph. : 0294-2490210, 9829009878, 9950304204**

**Diploma in Engineering** - Civil Engineering, Electrical Engineering, Mechanical Engineering. Electronics & Communication Engineering, Computer Science.

## Faculty of Computer Science and Information Technology
**Ph. 2494227, 2494217, 9414737125**

B.C.A., M.C.A., M.Sc.(CS), B.Sc. in Data Science, P.G.D.C.A., B.Voc in Software Development, DCA (Diploma in Computer Applications).

## Department of Physiotherapy - Ph. : 0294-2656271, 9414234293

Bachelor of Physiotherapy (B.P.T.). Master of Physiotherapy (M.P.T.). Master of Hospital Management. Fellowship in Palliative Care and Oncology Rehabilitation, Fellowship in Neurological Rehabilitation, MBA in Health Care Management. Fellowship in Geriatric Care and Rehabilitation, Fellowship in Sports Rehabilitation

## Department of Nursing - Ph. 9414308252, 9782920126, 9772982280

B.Sc. Nursing
G.N.M. Nursing

## Udaipur School of Social Work - Ph. 8118806319, 9829445889

Master of Social Work (MSW). PG Diploma in HRM, PG Diploma in CSR
Master of Social Work (MSW - Self Finance Evening Batch)

## Sahitya Sansthan (Institute of Rajasthan Studies)
**Ph. : 8003636352**

M A in Ancient Indian History, Culture and Archaeology; PG Diploma in Archaeology.

## School of Agricultural Sciences, Dabok - 9460728763

B.Sc. (Hons.) Agriculture, B.Sc. Horticulture, B.Tech. Food Technology,
M.Sc. in Agronomy, Horticulture, Plant Pathology and Genetics & Plant Breeding

## Manikyalal Verma Shramjeevi Girls College, Dabok
**Ph. : 0294-2655327, 9694881447, 9079919960, 8209568068,7014982037**

B.A., B.Com., B.Sc., M.A. (English, Hindi, Sanskrit, Pol. Sc., History. Geography, Sociology, Economics), M.Com (Accountancy), M.Com in Business Adm., Special Classes for English Speaking and Computer Basics. Special classes for competition exams (free of charges)

## R.V. Homeopathic Medical College and Hospital, Dabok
**Ph. : 0294-2655974, 2655975, 9414156701, 9351343740**

Diploma in Homoeopathic Pharmacy (DHP).

## Faculty of Management Studies (FMS)
**Ph. : 0294-2490632, 9460322351, 9414161889, 9636803729, 9782049628, 9001556306, 9928544749**

B.B.A, M.B.A (H.R / Marketing / Finance / Production & Operation Management / I.B / I.T / Tourism and Travel / Retail Management / Agri-Business / Family Business Management), M.H.R.M.

## Department of Travel, Tourism & Hotel Management
**Faculty of Management Studies - 9950489333**

BBA, BBA ( Tourism & Travel) Specialisation in Hotel Management
Diploma in Hotel Management ( Food & Beverage Service)
Diploma in Hotel Management ( Food Production)
Diploma in Hotel Management ( Housekeeping)

## Manikyalal Verma Shramjeevi Girls College, Pratapnagar, Udaipur, Mob. : 9928456341, 9929939963

B.A., B.Com, B.Sc. , M.A. Geography, Pol.Sc., Regular Special Classes for Competition exams

## Lokmanya Tilak Teachers Training College, Dabok
**Faculty of Education - Ph. : 8306182436, 0294-2655327**

M.Ed., M.A. Education, B.Ed.-M.Ed. (3 Year Integrated), B.Ed. (Child Development), D.El.Ed., PG Diploma in Yoga

SHIVA © 9828244344

**Note :**

**For more information about the admission in various courses like minimum percentage, fee structure etc. please go through our website : www.jrnrvu.edu.in, respective prospectus or contact concerned department**

**REGISTRAR**

# केजरीवाल ''कॉर्नर्ड'' हुए पटना...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

उन्होंने कहा कि ''बड़ी पार्टियों को उदारता एवं बड़प्पन दिखाना चाहिये। कांग्रेस को सीट-शेयरिंग व्यवस्था में खुलापन व लचीला रूख दिखाना चाहिए।'' नैशनलिस्ट पार्टी के दिग्गज नेता शरद पवार ने कहा कि विपक्ष को, सिर्फ चुनावों की खातिर नहीं बल्कि ''लोकतंत्र को बचाने'' के लिये मिलकर काम करना चाहिये। बंगाल की मुख्यमंत्री तथा तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने कहा कि भाजपा के खिलाफ संयुक्त विपक्ष का केवल एक ही उम्मीदवार होना चाहिये क्योंकि यह लड़ाई भारत की जनता बनाम मोदी होगी।

तमिलनाडू के मुख्यमंत्री तथा द्रमुक (डी.एम.के.) के प्रमुख एम.के. स्टालिन ने कहा कि अलग-अलग राज्यों के लिये अलग-अलग फॉर्मूला होना चाहिये। उन्होंने राज्य की सबसे मजबूत पार्टी के नेतृत्व में राज्य वार गठबंधनों का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि अगर गठबंधन नहीं हो तो या तो सीट शेयरिंग हो या फिर भाजपा के खिलाफ विपक्ष का साझा उम्मीदवार चुनाव में उतरे। शिव सेना (यू.टी.बी.) नेता उद्धव ठाकरे ने अगले लोकसभा चुनावों को तानाशाही बनाम लोकतंत्र की लड़ाई की संज्ञा दी।

दिल्ली के मुख्यमंत्री तथा आप प्रमुख अरविन्द केजरीवाल ने कहा कि उनकी पार्टी विस्तृत विपक्षी एकता के हित में अन्य राज्यों में अपना विस्तार नहीं करने के लिये वचनबद्ध है। उन्होंने मांग की कि कांग्रेस दिल्ली अध्यादेश पर अपने निर्णय की घोषणा आज ही करे। पी.डी.पी. प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने अनुच्छेद 370 को रद्द कर दिये जाने तथा जम्मू-कश्मीर के दो हिस्से करके केन्द्र शासित प्रदेश बना दिये जाने का जिक्र करते हुये कहा कि जो कुछ कश्मीर में हुआ, वह केवल कश्मीर तक ही सीमित नहीं है, भाजपा ऐसा ही अन्य राज्यों में भी करेगी।

समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि उनकी पार्टी एक बड़े राज्य की पार्टी है, इसलिये ''हम बड़ा दिल रखेंगे।'' उन्होंने कहा, ''हम सीट शेयरिंग या संयुक्त उम्मीदवार के मामले में उदार हैं। हम कांग्रेस विरोधी नहीं हैं। लड़ाई भाजपा से है।'' झारखंड के मुख्यमंत्री तथा जे.एम.एम. प्रमुख हेमंत सोरेन ने कहा कि पूरे देश में संयुक्त प्रचार अभियान होना चाहिये।

मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि कांग्रेस समान विचार वाली पार्टियों के साथ खड़े होने के मामले में उदार है। लेकिन उन्होंने मीटिंग में कुछ मिनट पहले के आप प्रवक्ता के विवादास्पद बयान पर सवाल भी खड़ा किया। उन्होंने कहा, ''संसद के सत्र के दौरान, विपक्षी दल नियमित रूप से मिलते हैं तथा संयुक्त रणनीति तैयार करते हैं। आप पार्टी उन मीटिंगों में शामिल रही है, तो फिर इस अध्यादेश के लिये अलग किस्म का उपक्रम क्यों हो? भाजपा से लड़ने वाले गठबंधन के लिये यह पूर्व शर्त नहीं हो सकती।''

इसके बाद आप और कांग्रेस के बीच उत्तेजनापूर्ण कहा सुनी शुरू हो गई, जिसमें ममता बनर्जी तथा अन्य नेताओं ने हस्तक्षेप किया। कई नेताओं ने केजरीवाल को घेर लिया। उन्होंने अध्यादेश को लेकर कांग्रेस के रूख पर आप प्रमुख द्वारा इतना जोर दिये जाने पर सवाल खड़े किये।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि गठबंधन के बारे में उनकी पार्टी की खुली विचारधारा है हम अतीत को भूलने के लिए तैयार हैं।'' उन्होंने कहा, ''हम पुरानी पसंद-नापसंदों को एक तरफ रख कर खुले मन से यहां आए हैं। हम सभी लचीले रहेंगे। हमें इस लड़ाई के लिये एक होना बहुत जरूरी है, भले ही इसके लिये कुछ भी करना पड़े।'' अंत में यह निर्णय लिया गया कि अगली मीटिंग शिमला में होगी तथा इसका आयोजन एवं अध्यक्षता कांग्रेस करेगी। शिमला की मीटिंग में इन पार्टियों के बीच सीट शेयरिंग की प्रक्रिया एवं क्रिया विधि पर चर्चा होगी तथा समान विचार वाले और भी दल आमंत्रित किये जायेंगे

## इमरान प्रतापगढ़ी देश के सबसे लोकप्रिय मुस्लिम नेता

हैदराबाद, 24 जून। कांग्रेस सांसद और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी को एक ट्विटर पोल के अनुसार भारत में सबसे लोकप्रिय मुस्लिम नेता घोषित किया गया है। जुबैर मेमन (जुबैर मीडिया) द्वारा ट्विटर पर कराए गए सर्वेक्षण में उपयोगकर्ताओं से वर्तमान में भारत के प्रमुख मुस्लिम राजनीतिक नेता के लिए वोट करने को कहा गया। विकल्पों में एआईएमआईएम के नेता असदुद्दीन औवेसी, एआईयूडीएफ के प्रमुख बदरुद्दीन अजमल, समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान और कांग्रेस के राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी का नाम दिया गया था।

## खड़गे की नई...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

प्रतिनिधित्व देकर अपनी नई टीम बनाएंगे। वे विपक्षी दलों के पटना कॉन्क्लेव का इंतज़ार कर रहे थे। नई टीम का गठन पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों और उसके बाद होने वाले लोकसभा चुनावों को ध्यान में रखकर किया जाएगा।

पार्टी सूत्रों ने कहा कि, जिन राज्यों में चुनाव होने वाले हैं उनमें अनुभवी एवं वरिष्ठ नेताओं को जिम्मेवारी दी जाएगी। बजाय ऐसे नए नेताओं को जिम्मेवारी देने के, जिन्हें राज्य की राजनीति को समझने में समय लगेगा।

सूत्रों ने कहा कि, पार्टी के आधा दर्जन राज्य अध्यक्षों के नामों पर अंतिम निर्णय हो चुका है, जिनमें महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु शामिल हैं तथा ये नाम शीघ्र घोषित कर दिए जाएंगे।

सूत्रों ने कहा कि, पचास से कम उम्र के युवाओं को 50 प्रतिशत पद देना मुश्किल है, लेकिन, महिला पदाधिकारियों की संख्या में इज़ाफा होगा।

## कर्नाटक के बाद तमिलनाडू भी...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

चुनावों से पहले की इस अवधि में, केन्द्र द्वारा इन नीति का अपनाना केन्द्र में सत्तारूढ़ भाजपा के लिये बहुत अच्छा प्रतीत नहीं हो रहा है। कांग्रेस केन्द्र के इस रूख को राजनैतिक मुद्दे का रूप दे ही चुकी है तथा उसने इसे जनता तक पहुँचा दिया हैं तथा भाजपा को चुनाव में हरा देने वाले लोगों के मूड को देखते हुये, यह कहा जा सकता है कि इस मुद्दे पर, वे लोग कांग्रेस के आरोपों पर पूरा-पूरा ध्यान देंगे।

तमिलनाडु में, जहाँ भाजपा अभी अपनी जड़ें जमाने की कोशिश कर रही है तथा राज्य के वोटरों तक पहुँने के लिये जबरदस्त प्रयास कर रही है, द्रमुक, भाजपा को पछाड़ने के मामले में इस सामान्य तथा वैध आर्थिक कारण को एक हथियार के रूप में काम में ले सकती है।

राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी, भाजपा को जनता के सामने ऐसे रूप में प्रस्तुत कर रही है कि यह उत्तर भारतीय हिंदी भाषी पार्टी है, जो तमिल एवं तमिलनाडु की भावनाओं के खिलाफ काम करती है, ऐसी स्थिति में, एफ.सी.आई. द्वारा राज्य को चावल बेचने से इंकार कर देने की बात को चर्चा का विषय बनाकर भाजपा को खलनायक के रूप में प्रस्तुत किया जा सकता है।

## अमेरिका के प्यू रिसर्च सैन्टर...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

बढ़ा है, वहीं 11 प्रतिशत का मत है कि भारत का प्रभाव बढ़ा है। महिलाओं की तुलना में पुरूष इस राय से ज्यादा सहमत हैं कि भारत का प्रभाव बढ़ा है। कॉलेज डिग्री की तुलना में स्नातक या उससे अधिक शिक्षा वाले पुरूष भी मानते है कि भारत का प्रभाव बढ़ा हैं। अमेरिका में महिलाओं की तुलना में ज्यादा पुरूषों ने इस सवाल का जवाब दिया। अमेरिकन वयस्क जो अन्तर्राष्ट्रीय खबरों पर नज़र रखते है, उनका भी मत है कि भारत की ताकत बढ़ रही है।

## अमेरिकन ड्रोन...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

साल पहले तक, विवादित सीमा पर नज़र रखने के लिए भारत इंसानी गश्ती दलों पर निर्भर था। लेकिन, उस युग में दोनों पड़ोसी देशों के संबंधों में तनाव कम था।

तथापि, 2020 में दोनों देशों के सुरक्षा बलों के बीच हुई घातक मुठभेड़ के बाद नई दिल्ली को झटका लगा तथा दोनों देशों के संबंधों में गहरी दरार आ गई और परिणामस्वरुप दोनों ने ही सीमा पर सैन्य बल, हथियार एवं निगरानी के उपकरणों की संख्या बढ़ा दी।

## हरियाणा में...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर एवं भाजपा अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने, सिरसा में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की रैली के बाद हुई तीन घंटे की बैठक के बाद यह निर्णय लिया। पार्टी ने महसूस किया कि जे.जे.पी. मंत्रियों के कारण पार्टी की छवि गिरी है।







राष्ट्रदूत ( एचयूएफ ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू ( राज. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2009/28296 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600